शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 132 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 07 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## शेयर बाजार में अस्थिरता की जेपीसी जांच हो: राहुल

### पीएम और मंत्रियों ने पहली बार चुनाव के दौरान शेयर बाजार पर टिप्पणी की', राहुल बोले- यह घोटाला





**नई दिल्ली/एजेंसी**

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने दावा किया है कि शेयर बाजार पर सरकार की ओर से टिप्पणी से लाखों खुदरा निवेशकों का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि यह शेयर बाजार का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी संसदीय समिति से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल ने कहा, "हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री ने, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक मार्केट पर टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने दो-तीन चार बार देश को कहा कि स्टॉक मार्केट तेजी से आगे बढ़ने जा रहा है। स्टॉक मार्केट में निवेश करने के लिए कहा।" अमित शाह कहते हैं कि 4 जून से पहले शेयर खरीदें। मोदी कहते हैं कि चार जून को स्टॉक खरीदें। 1 जून को मीडिया झूठे एग्जिट पोल निकालती है। भाजपा को जो आंतरिक एग्जिट पोल था, उसमें उसे 220 सीटें मिल रही थीं। आंतरिक एजेंसियों ने सरकार को 220 से 230 सीटों के मिलने के बारे में बताया था। स्टॉक मार्केट तीन जून को सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है और 4 जून को धड़ाम हो जाता है। राहुल ने कहा, "ये दिखाता है कि कोई न कोई घपला हो रहा है। हजारों करोड़ रुपये यहां निवेश हुए। स्टॉक मार्केट गिरने के बाद 20 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये जो आप देख रहे हैं वह स्टॉक मार्केट के इतिहास का सबसे बड़ा नुकसान है।" राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी? क्यों गृह मंत्री ने उन्हें स्टॉक खरीदने का आदेश दिया? दोनों जो इंटरव्यू किए गए। ये अदाणी जी के चैनल को दिए गए। उन पर पहले ही सेबी की जांच बैठी है तो उस पर जांच होनी चाहिए। मोदीजी के ये जो फेक इन्वेस्टर हैं और जो विदेशी निवेशक हैं। इनके बीच क्या रिश्ता है और अगर रिश्ता है तो इसकी जांच होनी चाहिए। इसे लेकर हमारे पास सवाल हैं। हम इस घोटाले को लेकर जेपीसी की मांग करते हैं। इस पूरे मामले में निवेशकों ने करोड़ों गंवाए हैं। यह एक आपराधिक कार्य था। रायबरेली व वायनाड से विजयी सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, "पहली बार हमने यह नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री ने शेयर बाजार पर टिप्पणी दी। प्रधानमंत्री ने दो-चार बार कहा कि शेयर बाजार तेजी से बढ़ने जा रही है... उनके मैसेज को वित्त मंत्री और गृह मंत्री ने भी आगे बढ़ाया।

शाह कहते हैं 4 चार जून से पहले शेयर खरीदें। प्रधानमंत्री ने भी यही कहा और 28 मई को फिर से दोहराया... 3 जून को शेयर बाजार सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है और 4 जून को शेयर बाजार नीचे चला जाता है।"

### राहुल ने सवाल किया- पीएम ने खुद देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी?

**राहुल गांधी** ने प्रेसवार्ता कर सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी? क्यों गृह मंत्री ने उन्हें स्टॉक खरीदने का आदेश दिया? दोनों जो इंटरव्यू किए गए। ये अदाणी जी के चैनल को दिए गए। उन पर पहले ही सेबी की जांच बैठी है तो उस पर जांच होनी चाहिए। मोदीजी के ये जो फेक इन्वेस्टर हैं और जो विदेशी निवेशक हैं।

इनके बीच क्या रिश्ता है और अगर रिश्ता है तो इसकी जांच होनी चाहिए। इसे लेकर हमारे पास सवाल हैं। हम इस घोटाले को लेकर जेपीसी की मांग करते हैं। इस पूरे मामले में निवेशकों ने करोड़ों गंवाए हैं। यह एक आपराधिक कार्य था।

**राहुल बोले- भाजपा को पता था उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं मिलने वाला**

रायबरेली व वायनाड से विजयी सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, "पहली बार हमने यह नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री ने शेयर बाजार पर टिप्पणी दी।

## देश को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली/एजेंसी**

भारत के अर्थव्यवस्था की उपलब्धि साधारण उपलब्धि नहीं है। पूरा विश्व इसे गंभीरता से देख रहा है और समझ रहा है। भारत का विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होने जा रहा है। एक बार फिर मोदी सरकार बन रही है इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में वे अपने बयान से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। इक्विटी मार्केट में चुनाव के हिसाब से अलग अलग तरीके से बदलाव होते रहते हैं। ये बातें भाजपा नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के शेयर बाजार में घोटालों के आरोपों के पलटवार में कही है। गोयल ने यह भी कहा कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है। गोयल ने कहा, "दुनिया भर में इस तरह से इक्विटी मार्केट चलती है। देखना यह है कि लंबे अरसे में इक्विटी मार्केट में क्या हुआ है। देश के निवेशक जानते हैं कि पिछले दस वर्ष के सफलतापूर्वक मोदी सरकार के कार्यकाल में हमारा मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ का कीर्तिमान हासिल किया है। पीएसयू का मार्केट कैप भी चार गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ा है। यूपीए काल में भारत का मार्केट कैप मात्र 67 लाख करोड़ रुपये था। आज यह बढ़कर 415 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 348 लाख करोड़ रुपये की बढ़त पिछले दस वर्षों में हुई है।" गोयल ने कहा, " पिछले 60 वर्षों में भारतीय बाजार ने जो मार्केट कैप हासिल किया उससे पांच गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में हासिल किया गया। इसका सबसे बड़ा लाभ भारतीय निवेशकों विशेषकर खुदरा निवेशकों को इसका लाभ हुआ।

## बढ़ती गर्मी में आग की घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त

**नई दिल्ली/एजेंसी**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डीजीएचएस डॉ. अतुल गोयल ने देश भर में विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं द्वारा अपनाए गए हीट वेव की स्थिति, आग और विद्युत सुरक्षा उपायों की तैयारियों का आकलन करने के लिए राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के साथ गुरुवार को एक आभासी बैठक की। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गर्मी के मौसम में अस्पतालों में आग को रोकने के उपायों और हीटवेव तैयारियों की समीक्षा की। बढ़ती गर्मी में आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को सख्त कदम उठाने के निर्देश जारी किए। मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से समर्पित हीट स्ट्रोक रूम,ओआरएस कॉर्नर सुनिश्चित करने और आईएचआईपी के माध्यम से निगरानी को मजबूत करने के लिए लगातार समीक्षा करने का आग्रह किया गया। इसके साथ राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों को सभी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं पर महत्वपूर्ण अग्नि और विद्युत सुरक्षा उपायों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है। मंत्रालय ने कहा कि 27 मई 2024 को आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार जून 2024 में दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक मासिक तापमान होने की संभावना है।

## टीडीपी की जीत के बाद आंध्र प्रदेश में भय का माहौल: जगन


**अमरावती/एजेंसी**

वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को टीडीपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बनाने से पहले ही टीडीपी के कार्यकर्ताओं ने आंध्र प्रदेश में भय का माहौल बना दिया है। जगन मोहन रेड्डी ने उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हो रहे हमले को रोकने के लिए राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की अपील की।

**टीडीपी पर लगाया हमला करने का आरोप**

मालूम हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, टीडीपी और जनसेना ने एक साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और एनडीए के हाथों करारी हार के बाद जगन मोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि टीडीपी कार्यकर्ता राज्य में लगातार उत्पाद मचा रहे हैं और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला कर रहे हैं और उनको लगातार निशाना बना रहे हैं।

## दिल्ली जल संकट: सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश से 137 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए कहा



**नई दिल्ली/एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को कल से हर दिन 137 क्यूसेक पानी दिल्ली को छोड़ने का आदेश दिया है। जस्टिस प्रशांत मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने हरियाणा सरकार से कहा कि वह अपने क्षेत्र में पड़ने वाली नहर से पानी दिल्ली तक पहुंचने में सहयोग करे। सुप्रीम कोर्ट 10 जून को अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने 10 जून तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश के मुताबिक हुई मीटिंग में हिमाचल प्रदेश पानी देने को तैयार है, लेकिन हरियाणा की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। तब जस्टिस केवी विश्वनाथन ने हरियाणा सरकार की ओर से पेश विक्रमजीत बनर्जी से कहा कि अगर हम इतने गंभीर मुद्दे पर संज्ञान नहीं लेते हैं तो इसका क्या मतलब है। अगर जरूरत पड़ी तो इसके लिए हम मुख्य सचिव को कहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 3 जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड से दिल्ली में जल संकट के मद्देनजर केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधियों की बैठक 5 जून को बुलाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि यमुना रिवर बोर्ड की बैठक में इस बात पर विचार हो कि दिल्ली वालों को कैसे जल संकट से निजात मिल सकती है। सुनवाई के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा था कि उसे दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने में कोई परेशानी नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि दिल्ली में पानी की बबार्दी भी एक अहम मुद्दा है।

## भीषण हालात में ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी, एसपी नेताओं को दिल से आभार: प्रियंका



**लखनऊ/एजेंसी**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली चुनावी सफलता को लेकर पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सलाम किया और अब उन्होंने अपने सहयोगी दल समाजवादी पार्टी की सराहना की है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, डिंपल यादव, प्रो. रामगोपाल यादव समेत समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए लिखा, सपा के मेहनती कार्यकर्ताओं को यूपी के नतीजों के लिए मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। भीषण परिस्थितियों में हम सबने मिलकर एक ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी। जमीन पर कांग्रेस और सपा के कार्यकर्ताओं ने हिम्मत से जनता के मुद्दों, सामाजिक न्याय और संविधान की आवाज उठाई। तमाम धमकियों व दमन के बावजूद वे एकजुट होकर लोकतंत्र के प्रहरी बने और बूथ-बूथ पर खड़े रहे। आप सबकी कड़ी मेहनत के चलते हमारी एकजुटता व मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में जनता ने भरोसा दिखाया है। आप सभी को दिल से धन्यवाद। जय जनता। जय संविधान।

**कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम:** इससे पहले उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेकर लिखा, यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुकदमे लगाये गये, जेल में डाला गया, बार-बार नजरबंद किया गया मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गये, आप टिके रहे।

## आरोपित राशिद को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की अनुमति देने की मांग पर एनआईए को नोटिस




**नई दिल्ली/एजेंसी**

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और हालिया लोकसभा चुनाव में निर्वाचित हुए सांसद राशिद इंजीनियर को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की अनुमति देने की मांग पर एनआईए को नोटिस जारी किया है। एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने एनआईए को कल यानि 7 जून तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। राशिद इंजीनियर ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की है। राशिद इंजीनियर फिलहाल दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद है। राशिद इंजीनियर को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। बतादें कि पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, राशिद इंजीनियर, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। एनआईए के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन, जेकेएलएफ, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमले और हिंसा को अंजाम दिया।

## पीएम मोदी की टिप्पणी पर बौखलाया चीन



**बीजिंग/एजेंसी**

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने गुरुवार कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान से चीन बौखला उठा है। पीएम मोदी के बयान की चीन आलोचना कर रहा है। चीन का कहना है कि नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों का विरोध करना चाहिए। दरअसल, ताइवान के राष्ट्रपति ने एक दिन पहले लोकसभा चुनाव में जीत के लिए पीएम मोदी को बधाई दी थी। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए तैयार है। बता दें, चीन ताइवान को एक विद्रोही प्रांत मानता है। चीन ताइवान की भूमि पर अपना कब्जा चाहता है फिर चाहे वह बलपूर्वक ही क्यों न हो। एक दिन पहले, ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने पीएम मोदी को बधाई दी थी। उन्होंने एक्स पर कहा था कि वह दोनों देशों के बीच तेजी से बढ़ते संबंधों को और आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने इंडो-पैसिफिक में शांति और समृद्धि की वकालत की। उन्होंने भारत ताइवान सहयोग को विस्तार देने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने बधाई संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं।

**पीएम मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताई है:** चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता की। वार्ता की शुरूआत में ही उन्होंने कहा कि ताइवान का कोई राष्ट्रपति नहीं है।

## रिश्वत मामले में कार्ति चिदंबरम को जमानत

**नई दिल्ली/एजेंसी**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने में रिश्वत लेने के मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को जमानत दे दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत देते हुए कहा कि कार्ति चिदंबरम कोर्ट में हर सुनवाई के दिन उपस्थित होंगे और जांच में शामिल होंगे। कोर्ट ने कहा कि अगर उन्हें विदेश जाना होगा तो कोर्ट और जांच अधिकारी को इसकी सूचना देंगे और अपनी विदेश यात्रा का पूरा विवरण उपलब्ध कराएंगे। आज सुनवाई के दौरान कार्ति चिदंबरम सशरीर कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने 19 मार्च को ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। इस मामले में ईडी ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन, पदम दुगार, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, विकास मखरिया, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और मंसूर सिद्दीकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## 251 दागी, 504 करोड़पति; 74 महिलाएं, तीन सबसे अमीर नवनिर्वाचित सांसदों में जिंदल भी




**नई दिल्ली/एजेंसी**

**लोकसभा** चुनाव 2024 का जनादेश सुनाया जा चुका है। 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे मंगलवार को घोषित कर दिए गए। इस चुनाव में केंद्र की सत्ताधारी भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। वहीं दूसरे स्थान पर कांग्रेस है जिसके 99 सांसद लोकसभा पहुंचेंगे। 293 सीटों के साथ एनडीए लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा है। नई लोकसभा के गठन की तैयारियों के बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 2024 में चुनाव जीतने वाले सभी 543 विजेता उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। एडीआर ने जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि 543 विजेता उम्मीदवारों से 251 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 504 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे युवा विजेता उम्मीदवार पुष्पेंद्र सरोज और प्रिया सरोज हैं। 25 साल के दोनों नवनिर्वाचित सांसद सपा के टिकट पर जीते हैं। वहीं सबसे उम्रदराज नवनिर्वाचित सांसद डीएमके के टीआर बालू हैं, जिनकी उम्र 82 साल है।

**विजेता उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि**

साझा किए गए आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, मौजूदा लोकसभा चुनावों में 543 विजेता उम्मीदवारों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन विजेता उम्मीदवारों में से 170 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, महिलाओं के खिलाफ अपराध और नफरती भाषण से जुड़े आरोप शामिल हैं। 543 में से 251 (46%) विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 170 (14%) विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 27 विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। चार विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 27 विजेता उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले विजेता उम्मीदवार 15 हैं। इनमें से दो विजेता उम्मीदवारों के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है।

**दलवार आंकड़े क्या हैं?**

एडीआर ने चुनाव में विजेता उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले दलवार आंकड़े जारी किए हैं।

भाजपा के 240 में से 94 (39%), कांग्रेस के 99 में से 49 (49%), सपा के 37 में से 21 (57%), टीएमसी के 29 में से 13 (45%), डीएमके के 22 में से 13 (59%), टीडीपी के 16 में से आठ (50%) और शिनसेना के सात में से पांच विजेता उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं।

**विजेता उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा**

543में से 93% यानी 504 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 227 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं। दूसरे स्थान पर कांग्रेस है जिसके 92 विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं।

# मण्डलायुक्त ने किया रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत गेहूं खरीद के प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत गेहूँ खरीद के प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान क्रय किये गये गेहूँ के सापेक्ष भारतीय खाद्य निगम डिपो में सम्प्रदान की स्थिति संतोषजनक न होने पर उन्होंने जनपद प्रयागराज के तहसील कोरांव के यू०पी०पी०सी०यू० के गेहूँ कय केन्द्र का भौतिक सत्यापन कराये जाने एवं केन्द्रों पर अवशेष गेहूँ की मात्रा का तत्काल शत-प्रतिशत सम्प्रदान कराये जाने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के पश्चात मण्डलायुक्त ने लायुक्त ने साप्ताहिक रुप से सर्वाधिक गेहूँ क्रय करने वाले प्रयागराज के केन्द्र प्रभारी श्री संजय कुमार पाण्डे, विपणन निरीक्षक एवं जनपद फतेहपुर के नैफेड संस्था के श्री दिनेश प्रताप सिंह एवं श्री वीरेन्द्र कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



## दो पक्षों में जम कर चले लाठी डंडे, कई जख्मी क्रास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर जम कर चले लाठी डंडो में कई जख्मी हुए है । पुलिस दोनों पक्षों की ओर से सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हजारी का पूरा गेंदा उमरिया निवासी राधेश्याम यादव पुत्र राम आसरे का आरोप है कि वह अपने घर के अन्दर हैंडपंप लगवा रहे थे। आरोप है कि विपक्षी घर में घुस कर परिजनों को मारे पीटे। राधेश्याम यादव ने मऊआइमा थाने में राम लखन्दर यादव, सुभाष, सचिन,शेरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ?उधर दूसरे पक्ष के सुभाष पुत्र राम लखन्दर का आरोप है कि उसे और सचिन तथा घर की राम कली को सरिया से मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया। सुभाष ने मऊआइमा थाने में राधेश्याम, अवधेश यादव,धीरज यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# दहेज के लिए घर में फांसी पर लटकाने वाले हत्यारों को करछना पुलिस ने भेजा जेल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** करछना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग के वांछित एक अभियुक्त व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है बता दें कि थाना करछना के अतिरिक्त निरीक्षक गणेश तिवारी,दरोगा रामभवन वर्मा, महिला उपनिरीक्षक शिल्पी, महिला कांस्टेबल सोनी वर्मा ने थाना करछना में पंजीकृत दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्त साहिल उर्फ निरहु पुत्र राजेश उर्फ लेद्दे व राजेश उर्फ लेहे पुत्र स्व. संगम लाल निवासीगण ग्राम कौवा गिल्ला का डेरा थाना करछना व अभियुक्ता रेशमा पत्नी राजेश उर्फ लेहे निवासी ग्राम कौवा गिल्ला का डेरा थाना करछना को गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पंचदेवरा बाजार थाना क्षेत्र करछना से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी करछना ने बताया कि उक्त गिरफ्तारी के बाद नियमा अनुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। थाना करछना में पंजीकृत मु0अ0सं0 174/24 धारा 498ए,304बी भा0द0वि0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट के वांछित 02 अभियुक्त साहिल उर्फ निरहु पुत्र राजेश उर्फ लेद्दे निवासी ग्राम कौवा गिल्ला का डेरा थाना करछना जनपद प्रयागराज और राजेश उर्फ लेद्दे पुत्र स्व0 संगम लाल निवासी ग्राम कौवा गिल्ला का डेरा थाना करछना जनपद प्रयागराज व एक अभियुक्ता रेशमा पत्नी राजेश उर्फ लेद्दे निवासी ग्राम कौवा गिल्ला का डेरा थाना करछना जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 06.06.2024 को मुखबिर की सूचना पर पंचदेवरा बाजार थाना क्षेत्र करछना से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण- साहिल उर्फ निरहु पुत्र राजेश उर्फ लेद्दे निवासी ग्राम कौवा गिल्ला का डेरा थाना करछना जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष ।.राजेश उर्फ लेद्दे पुत्र स्व0 संगम लाल निवासी ग्राम कौवा गिल्ला का डेरा थाना करछना जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 45 वर्ष ।रेशमा पत्नी राजेश उर्फ लेद्दे निवासी ग्राम कौवा गिल्ला का डेरा थाना करछना जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 42 वर्ष। संबंधित अभियोग का विवरण- मु0अ0सं0 174/2024 धारा 498ए,304बी भा0द0वि0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट थाना करछना कमिश्नरेट प्रयागराज।

# नए पुल से बुधवार रात पत्नी और बच्ची के सामने यमुना में कूदे अधिवक्ता का मिला शव

अखंड भारत संदेश

**बुधवार रात पत्नी और बच्ची के सामने यमुना में कूद गये थे अधिवक्ता धीरज निषाद (30)**

**नैनी।** नैनी नए पुल से बुधवार रात पत्नी और बच्ची के सामने यमुना में कूदने वाले अधिवक्ता धीरज निषाद (30) का गुरुवार दोपहर शव बरामद कर लिया गया। सुबह से ही गोताखोरों की टीम अधिवक्ता की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया, हालांकि धीरज का शव नए पुल के नीचे ही गहरे पानी में मिल गया। शव मिलते ही पुल के नीचे मौजूद परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। बता दें की जिला कचहरी में वकालत करने वाले धीरज निषाद बुधवार शाम को कोर्ट से आने के बाद अपनी पत्नी लक्ष्मी और बच्ची को लेकर यमुना पुल पर खुदकुशी करने पहुंचा था। उसकी पत्नी को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने रिश्तेदारों को फोन करना शुरू कर दिया। धीरज अपनी बच्ची को लेकर कूदने वाला था लेकिन काफी कहासुनी और समझाने के बाद कहा, ठीक है अब नहीं कूदेंगे। कुछ देर बाद वह पुल के दूसरी ओर पहुंच गया और अपनी पत्नी और बहनोई से कहा कि जो भी भूल चूक हुई हो माफ करना और फिर यमुना में कूद गया। परिवार इस हादसे के बाद से सदमे है। परिवार के लोगो का रोरोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस से शव को कब्जे में लेकर उसे पपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# इलाहाबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन सांसद का करछना में जोरदार हुआ स्वागत

**पैतृक गांव बराव में पूर्वजों के मंदिर में की पूजा अर्चना**

अखंड भारत संदेश



**करछना।** नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल सिंह का गुरुवार को विधानसभा करछना क्षेत्र में प्रथम आगमन होने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों की भीड़ एवं उत्साह को देख सभी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जो भी लोगों की अपेक्षाएं हैं उसे टूटने नहीं देंगे। इसके बाद वह पैतृक गांव बराव पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना किया। **नवनिर्वाचित सांसद का फूल माला पहनाकर किया गया भव्य स्वागत :** करछना इलाहाबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह का गुरुवार को करछना विधानसभा में जोरदार स्वागत हुआ करछना मुख्यालय समेत पूरे क्षेत्र में जगह जगह स्वागत गेट सजाएं गये थे बरदहा ग्राम सभा में स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोरी ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल एवं सुशील सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख राम तौल , विजय राज सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, इंद्र बली सिंह दिनेश श्रीवास्तव, हंसराज सिंह, राहुल सिंह, मनोज सिंह,बुधेंद प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह, की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में उनके प्रथम आगमन पर पार्टी पदाधिकारी,कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया। सांसद ने समर्थकों की उमड़ी भीड़ को देख गदगद हो उठे और बड़ों से आशीर्वाद छोटों को गले लगा कर जीत का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भी लोगों की अपेक्षाएं हैं, उसे टूटने नहीं देंगे। इसके बाद उन्होंने पैतृक गांव बरांव पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना किया। इस मौके पर अमर सिंह राठौर, दयाशंकर पटेल, रमाकांत पटेल, गुलाम रसूल, अखिलेश सिंह, सुनील विश्वकर्मा, जवाहरलाल पटेल, माधवेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, ओम प्रकाश पांडे आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह जीत की खुशी में इण्डिया गठबन्धन के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**कोरांव।** इलाहाबाद लोकसभा सीट के इण्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने जीत हासिल की। जीत की इस खुशी में कोरांव विधान सभा खूब जश्न मनाया गया। पूरे विधान सभा में घूम घूम कर ढोल नगाड़े संग जश्न मनाया गया और मिठाइयां भी बांटी गई। प्रमोद मिश्र पयासी ने बताया कि हमारे क्षेत्र के नेता हम लोगों की शान कुंवर उज्जवल रमण सिंह की जीत का श्रेय देवतुल्य जनता जनार्दन को जाता है। साथ ही यमुनापार में कुंवर साहब के पिता हम लोगों के नेता रेवती रमण सिंह का भी आशीर्वाद मिला उन्होंने जीवन भर जनता की सेवा की है उसी का नतीजा है। जिलापंचायत सोमदत्त सिंह पटेल ने बताया कि इंडिया गठबन्धन की जीत से क्षेत्र के सभी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। जश्न में पूर्व राजेश पाण्डेय, राजू चौबे पथरताल, विधायक राम कृपाल कोल, शहादत अली, देवेन्द्र सिंह पटेल, नौसाद अली आदि हजारों की संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोतवाली पुलिस 'वृद्ध बुजुर्ग की लावारिस शव का किया अंतिम संस्कार

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जीरो रोड स्थित बस स्टैंड के पास एक बुजुर्ग के मृत्य अवस्था मे देख आस पड़ोस के लोगो ने सम्बंधित पुलिस को जानकारी दी। जीरो रोड बस स्टैंड के आस पास के लोगो ने बताया की काफी दिनों से यह बुजुर्ग व्यक्ति बीमार चल रहे थे। आज अचानक इनकी मृत्यु हो गई जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस को सूचना मिलते ही बहादुरगंज चौकी प्रभारी अमृत जायसवाल अपने हमराही राधे श्याम व राहुल तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने लोगो से जानकारी प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग का नाम बजरंग यादव (68) वर्ष निवासी महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी प्रयागराज का रहने वाला था। घटना शाम 4:00 बजें बुधवार की है पुलिस ने उनके परिजनों से सम्पर्क किया पुत्री गुड्डी यादव मौके पर पहुंची पिता की मृत्य देख बिलखिला कर फूट कूट रोने लगी वह इतनी असमर्थ थी की अंतिम संस्कार कराने तक के पैसे उनके पास नहीं थे। गुड्डी की परेशानी देख चौकी प्रभारी भावुक हो गए उन्होंने अपने हमराही व आस पास लोगो से अपील कर अपने पास से पैसे देकर अंतिम संस्कार कराया। पुलिस ने संवादाता से बातचीत मे बताया की उनकी पत्नी का पहले ही देहांत हो चुका है घर मे एक बेटी है गुड्डी यादव बुजुर्ग व्यक्ति दस पंद्रह सालो से जीरो रोड पर फूट पाथ पर रहकर अपना गुजर बसर करते थे।

# पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण, परेशानी

**लगातार शिकायत के बाद भी नहीं बहाल हुई पानी सप्लाई, ग्रामीणों में आक्रोश**

**प्रयागराज।** क्षेत्र के ग्राम लालापुर भटपुरा में पानी की किल्लत से ग्रामीण कई महीनों से जूझ रहे हैं,लगातार शिकायत के बावजूद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में मौजूदा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्याप्त होता जा रहा। मौजूदा समय में चल रही भीषण गर्मी में भटपुरा के ग्रामीण दूर दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। बता दें कि ग्राम सभा भटपुरा में पानी की सप्लाई जल निगम द्वारा अमिलिया तरहार से की जाती है लेकिन जगह जगह पाईप लाइन टूटने की वजह से ग्राम भटपुरा में कई महीनों से पानी की सप्लाई पूर्ण रूप से बंद है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जल निगम के कर्मचारियों से कई बार किया, लेकिन परिणाम शून्य रहा। जल निगम के अधिकारी कर्मचारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं, जो सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। भटपुरा के ग्रामीण प्रदीप मिश्रा ने बताया कि पानी सप्लाई कई महीनों से बंद है, जिससे पीने के पानी के लिए भारी किल्लत मची हुई है। इस उमस भरी गर्मी में लोगों को पानी के लिए दूर दूर तक भटकना पड़ता है तब कहीं जाकर पानी मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े बड़े वादे करने वाले नेताओं व प्रतिनिधियों आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया, केवल सारे वादे हवा हवाई ही रहे, जिसका परिणाम लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। भटपुरा गांव का ज्यादातर पानी खारा होने के कारण लोगों को मीठे पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है लेकिन अमिलिया जल निगम के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आज तक पानी सप्लाई बहाल नहीं हो सकी।

## न्यूज झरोखा

### 33 केवी लाइन के अत्यावश्यक मेंटेनेंस कार्य करने के लिए बंद रहेगी बिजली आपूर्ति




**कौंधियारा।** जारी बाजार स्थित पावर हाउस में विद्युत लाइनों की मरम्मत के कारण क्षेत्रों मे बिजली कटौती की जाएगी जिससे क्षेत्र के आस-पास की बिजली गुल रहेगी ' क्षेत्रवासियों को इस भीषण गर्मी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि आठ जून से चौदह जून तक 33 केवीए की लाइन मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा।इस दौरान विद्युत प्रवाह प्रातः दस बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगा। यह जानकारी उपखंड अधिकारी संजय यादव अवर अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने दी है।और क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की है।

### एक सप्ताह तक करछना एवं बराव विद्युत स्टेशन से सप्लाई में परिवर्तन, सुबह छः बजे से दोपहर एक बजे तक सप्लाई बंद रहेगी

**करछना।** पावर हाउस के अंतर्गत सभी गांवों की सप्लाई 7 जून से.14 जून तक सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक जरूरी कार्य हेतु सप्लाई बंद रहेगी, प्राप्त जानकारी विद्युत विभाग करछना की ओर से भुण्डा विद्युत सप्लाई स्टेशन से करछना विद्युत स्टेशन के बीच 33000 लाइन की सप्लाई को सही ढंग से संचालित करने के लिए जर्जर तार व पोल बदलने हेतु सुबह 6:00 से दोपहर की 1:00 तक सप्लाई बाधित रहेगी उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया है कि वह अपने आवश्यक कार्य समय से निर्धारित समय के अनुसार निपटा लें उक्त आशय की जानकारी विद्युत विभाग करछना के अवर अभियंता द्वारा दी गई है,

### अनुराग राय व हर्षित राय ने नीट की परीक्षा पास कर अपने क्षेत्र व परिवार एवं माता-पिता का नाम रोशन किया



**उतरांव।** एनटीए द्वारा नीट यूजी का रिजल्ट और स्कोर कार्ड 4 जून को जारी कर दिया गया है। नीट की परीक्षा में एक साधारण ईमानदार एवं कर्मठ उत्तर प्रदेश पुलिस के दो भतीजे हर्षित राय एवं अनुराग राय ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने क्षेत्र परिवार सहित जनपद का नाम रोशन किया है आपको बताते चले की ओमप्रकाश राय उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ सिपाही है। जिनके दो भतीजे एक साथ नीट यूजी की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने पिता बृजेश राय एवं सर्वेश राय परिवार को सफलता का श्रेय देते हुए चार चांद लगाने का काम किया है। ओमप्रकाश राय गाजीपुर जनपद के एक छोटे से गांव छापरी के मूल निवासी हैं जो विगत कई वर्षों से प्रयागराज जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस में मेहनत और निष्ठा के साथ सेवा करते रहे। हाल ही में हुए स्थानांतरण उपरांत कानपुर नगर के 112 डायल में तैनात है हालांकि पत्रकार वार्ता में इन होनहार बच्चों ने बताया कि इस सफलता के पीछे बड़े पिता ओमकार नाथ, बृजेश राय के बेटे हर्षित राय एवं अनुराग राय के बेटे सर्वेश राय सफलता में बहुत बड़ा योगदान रहा है। इन होनहार बच्चों द्वारा इस सफलता का श्रेय अपने भाइयों एवं माता-पिता सहित परिजनों को दी है। गोरवान्वित फल को देख कर पूरा क्षेत्र हर्षोल्लाषित है।

### नीट में 681 अंक लाकर आराध्या ने मारी बाजी



**सहसों।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में कार्यरत चिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार गुप्ता की पुत्री आराध्या गुप्ता ने नीट की परीक्षा में 720 में से 681 अंक अर्जित कर आल इंडिया मेरिट लिस्ट में 8140 वीं रैंक और जनरल कैटेगरी में 3764 वीं रैंक लाई। नीट का परीक्षा परिणाम में बेटी की सफलता पर चिकित्साधिकारी का परिवार खुशियों से झूम उठा। आराध्या ने बताया कि उसने बगैर कोचिंग के सहारे की अपनी पढ़ाई घर में रहकर ही किया। मन में दृढ़ विश्वास था कि मैं अच्छी रैंक ला सकती हूं। आराध्या ने बताया कि वह अपने माता-पिता के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में रहकर तैयारी के साथ अध्ययन किया। परिणाम स्वरूप परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई। परिणाम आने के बाद आराध्या को बधाई देने वालों का तांता लगा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं काशी क्षेत्र अध्यक्ष से संजय श्रीवास्तव ने मांग की है

### पत्र के माध्यम से कहा कि तत्काल महानगर जिला कार्यकानी भंग कर देना चाहिए

**नैनी।** नैनी भाजपा महानगर जिला कार्यकारिणी को भंग करने की मांग प्रयागराज के कार्यकताओं की समीक्षा में पता लगाया जाए की कौन-कौन पदाधिकारी पार्टी की नीतियों के खिलाफ जाकर घर बैठकर प्रत्याशी के खिलाफ फूट की रचना की है प्रदेश अध्यक्ष एवं काशी क्षेत्र अध्यक्ष भाजपा से संजय श्रीवास्तव महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रयागराज ने एक पत्र के माध्यम से कहा कि तत्काल महानगर जिला कार्यकानी भंग करके विधानसभा के चुनाव को देखते हुए सभी महानगर जिला मंडल भंग कर देना चाहिए और आने वाले विधानसभा को देखते हुए दूसरी टीम को तैयार करना चाहिए जिससे विधानसभा में हमारे प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जा सके जिस तरह सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के साथ धोखा दिया गया है उसे तरह होने वाले विधानसभा में ना हो इसकी चिंता पार्टी को प्रदेश नेतृत्व को राष्ट्रीय नेतृत्व को करनी है जिससे आने वाले चुनाव में भाजपा का प्रचंड जीत एवं बहुमत हो सके तत्काल रूप से सभी महानगर इकाई जिला इकाई को भंग कर दिया जाना चाहिए।

# मानव जीवन के लिए पेड़ पौधे बहुत जरूरी : थाना प्रभारी

**पर्यावरण दिवस पर उतरांव थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने किया वृक्षारोपण**



**उतरांव।** थाना उतरांव पर बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर उतरांव पुलिस की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। उतरांव थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर पुलिसकर्मियों ने करीब सैकड़ों से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए पेड़ पौधे का होना बहुत आवश्यक है। इन दिनों वैसे ही भीषण गर्मी का मौसम देखने को मिल रहा है। बारिश नहीं हो रही हैं, यही वजह कि पृथ्वी पर पेड़ पौधों की कमी महसूस अधिक होने लगी है। इसलिए सभी से अपील है कि आज इस पर्यावरण दिवस के मौके पर हर व्यक्ति को एक पौधा आवश्यक रूप से लगाना चाहिए। जिससे हमेशा धरती पेड़-पौधे से हरी भरी बनी रहे।अन्यथा आने वाले समय में और भी विकट स्थितियों पैदा होगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को संकल्प के साथ इस पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पौधा आवश्यक रूप से लगाना चाहिए। जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके। इस मौके पर पुलिसकर्मियों ने पेड़ पौधे लगाकर पानी डाला। हर पुलिस कर्मियों ने एक एक पौधे की संकल्प के साथ देख रेख की जिम्मेदारी ली। उक्त अवसर पर एस आई अनिकेत सिंह,महेश चंद निषाद, मरछु यादव, इम्तियाज अहमद, दीवान राजेन्द्र पटेल,सुभी सचान आदि लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण को बचाने में आम लोगों की भागीदारी आवश्यक : विजय चितौरी




**प्रयागराज।** अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर विज्ञान परिषद् प्रयागराज यमुना पार द्वारा गोष्ठी का आयोजन प्रेरणा सेवा संस्थान पहलू का पूरा में किया गया । गोष्ठी में बोलते हुए मुख्य अतिथि विज्ञान भूषण विजय चितौरी ने लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा आम लोगों के सक्रिय भागीदारी से ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है । अपनी अगली पीढ़ी के जीवन को बचाने के लिए आज से ही पेड़ों को लगाने व उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। विशिष्ट अतिथि पर्यावरण मित्र व लोक कवि राम लोचन सांवरिया ने कविता ' तुम कहा चले गए गिद्ध राज .... 'से पर्यावरण बचाने की अपील की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि किसान नेता के के मिश्रा ने कहा मानव अपने हितों को लेकर प्रकृति का संरक्षण करें। उन्होंने कहा प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन रोकने से ही हम अपनी व अगली पीढ़ी के जीवन को बचा सकते हैं। नेहा सिंह ( प्रधानाचार्या) ने पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।सभापति डा. अमर नाथ सिंह ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता नरेंद्र जायसवाल व संचालन धर्म चंद पटेल ने किया। वरिष्ठ कवि राजेन्द्र शुक्ल, लखन प्रतापगढी ,सबरेज अहमद व बेचन लाल विनोदी ने कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की बात रखी। पूर्व प्रधान अमर बहादुर पटेल, इकबाल बहादुर, परमानन्द, गिरधारी लाल, शिवकुमार साहू आदि लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक दीप नारायण ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नैनी जेल रोड पर विरोध के बीच चला पीडीए का ध्वस्तीकरण अभियान

**पीडीए की जेसीबी ने लगभग आधा दर्जन निर्माण बाउंड्री तोड़े बिना सूचना दिए कार्रवाई करने का लोगों ने लगाया आरोप, हुई नोकझोंक**







अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी जेल रोड चौड़ीकरण कार्य को लेकर गुरुवार को पीडीए ने ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। इससे स्थानीय निवासियों में हड़कंप मचा रहा। अभियान के दौरान पीडीए टीम को लोगों के जबरदस्त विरोध का भी सामना करना पड़ा। पीडीए के जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में जेल रोड नैनी पर टीम पहुंची और दो जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। अचानक शुरू हुई कार्रवाई से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसका विरोध करना शुरू किया तो नैनी पुलिस बुला ली गई। लोगों का आरोप था कि एक तो बिना पूर्व सूचना दिए कार्रवाई की गई और दूसरी ओर भेदभाव किया गया। एक और अधिक भूमि ली जा रही हैं तो दूसरी ओर कम। इसको लेकर लोगों ने हंगामा किया। मौके पर रहे पूर्व पार्षद एवं सपा नेता विनय जायसवाल बाबा ने पीडीए पर मनमानी का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत मेलाधिकारी एवं पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह से करने की बात कही है।

## गिरे नोट उठाने के चक्कर में कारोबारी ने गंवा दिए 50 हजार रुपये

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गिरे नोट उठाने के चक्कर में मंझनपुर के एक कारोबारी ने 50 हजार रुपये गंवा दिए। वह नोट उठाने के लिए बाहर निकले तो पीछे से शातिरों ने उनकी गाड़ी से नोटों से भरा बैग गायब कर दिया। कारोबारी गिरे नोट उठाकर लौटे तो देखा कि बैग गायब है। उन्होंने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस जांच कर रही है।मंझनपुर के व्यापारी राजीव कुमार केसरवानी शाहगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में खरीदारी करने आए थे। वह अपनी कार जानसेनगंज में खड़ी कर शाहगंज खरीदारी करने चले गए। लौटे और अपनी कार में बैठ गए। तभी एक उचक्का आया और बोला आपके रुपये गिर गए

**जैसे ही मंझनपुर के कारोबारी नोट उठाने के लिए बाहर निकले वैसे ही पीछे से शातिरों ने उनकी गाड़ी से नोटों से भरा बैग गायब कर दिया**

हैं। कारोबारी ने 20 रुपये के गिरे नोट उठाने लगे। इसी दौरान शातिर दूसरी ओर से कार का दरवाजा खोलकर बैग लेकर फरार हो गया। बैग में 50 हजार रुपये समेत अन्य जरूरी कागजात थे। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल और लालू मित्तल को दी कोतवाली पुलिस पहुंची और छानबीन की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भीषण तपिश बनी जानलेवा, विवि छात्र की गई जान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नौतपा के बाद भी भीषण गर्मी जानलेवा बनी है। बुधवार को इविवि के बीए-एलएलबी आठवें सेमेस्टर के छात्र पितांशु अग्रहरि की लू लगने से मौत हो गई। मूलरूप से कुशीनगर का रहने वाला पितांशु छोटा बघाड़ा के पास किराये पर रहता था। मंगलवार रात में उसकी तबियत बिगड़ने पर दोस्त अस्पताल ले गए। वहां से दवा लेकर घर आया और सांस थम गई। परिजनों को जानकारी होने पर वे शव लेकर घर चले गए। दोस्तों के अनुसार, पितांशु की मौत लू लगने से हुई है। हालांकि इसकी कोई अधिकृत सूचना नहीं है।बढ़ती तपिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। दिन का तापमान 45.04 डिग्री सेल्सियस रहा। पछुआ की गर्म हवाओं के कारण पुरवइया बेअसर रही। सुबह नौ बजे से ही दोपहर जैसी गर्म हवाएं चेहरे को झुलसाने लगीं। बढ़ती गर्मी से सड़कों पर पैदल चलने वालों की संख्या में कमी रही। रामबाग लेबर चौराहे पर सुबह 11 बजे 40 से अधिक मजदूर काम के इंतजार में दिखे। कड़ी धूप के कारण बच्चे घरों में दुबके रहे। पार्कों में झूले सूने रहे। एक ओर प्रचंड गर्मी और दूसरी ओर अनियमित बिजली कटौती से लोग परेशान रहे। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की कतार लगी रही। एसआरएन में बुधवार को 2280 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। अस्पताल के कई वार्डों में सेंट्रल एसी बंद होने के कारण मरीजों के पसीने छूटते रहे। ट्रामा सेंटर के कर्मचारियों ने बताया कि एसी मैकेनिक पैसा एडवांस में लेकर गया है। लेकिन मरम्मत करने नहीं आया। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश के अनुसार, अभी चार-पांच दिन तक गर्म हवाएं चलती रहेंगी। तापमान में भी वृद्धि होने की संभावना है।

### गर्मी से मिली राहत, तापमान 38 डिग्री सेल्सियस

**प्रयागराज।** गुरुवार को लोगों को भीषण गर्मी में तेज धूप से राहत मिल गई है। शहर के आसपास के शहरों में बारिश होने के बाद यहां भी सुबह से ठंडी हवाएं चल रही हैं। इसके साथ ही आज सूरज का तेवर भी कम हुआ है। आसमान में बादलों का डेरा है, लोग काफी राहत की सांस से ले रहे हैं। सुबह 10:30 बजे तक प्रयागराज का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अनुमान है कि दोपहर बाद तापमान में कुछ वृद्धि हो सकती है। बुधवार दिन भर लू और धूप से परेशान दिखे लोग बुधवार को प्रयागराज में दिनभर तेज धूप और गर्म हवाएं चलती रही। जिससे लोग बेहाल दिखे। तापमान लगभग 44 डिग्री तक दर्ज किया गया। यही स्थिति रात में भी रही। लेकिन सुबह होते ही मौसम ने कर-वट ली और मौसम ठंडा हो गया। मौसम विभाग का मानना है कि अभी इसी तरह का मौसम बना रहेगा। लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। एक-दो दिन में बारिश भी हो सकती है।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत

### पूजा-अर्चना कर वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा की, फिर जल और प्रसाद ग्रहण किया



**प्रयागराज।** हजारों महिलाओं ने गुरुवार को पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रख पूजा की। पति-परमेश्वर की दीघार्यु के लिए सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखा है। व्रत रखने वाली महिलाएं विधिविधान से वट वृक्ष के नीचे धूप, दीप, नैवेद्य, फल-फूलों और मेवा-मिष्ठान अर्पित कर भोग लगाया।पूजन के साथ व्रती महिलाओं ने वट वृक्ष का 108 बार परिक्रमा कर पति के दीघार्यु का आशीष मांगा। मां गंगा के निमित्त श्रद्धा के दीप अर्पित किए गए। इस अवसर पर सुहागिनों ने संगम समेत गंगा-यमुना के विभिन्न घाटों पर स्नान-दान किया। संगम नोज पर महिलाओं ने मां की श्रद्धा के निमित्त दीप अर्पित पति के जीवन की रक्षा का वरदान मांगा। जिन महिलाओं के घर के पास वट वृक्ष नहीं थे उन्होंने वट वृक्ष टहनी को आंगन व छत पर स्थापित कर व्रत, पूजन किया। इसी तरह नैनी क्षेत्र के खरकौनी में गिरिनार आश्रम की महिलाओं ने भी व्रत रखा वही महिला अंजू शुक्ला से जब व्रत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि भारत देश में महिलाओं के द्वारा कई तरीके से व्रत रखा जाता है । मगर आज के व्रत की मान्यता है कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान के जीवन के लिए यमराज से वट वृक्ष के नीचे बैठकर अपने पति के जीवन की सावित्री ने वरदान मांगी थी। बता दे कि यह व्रत पूजा संगम के अलावा बलुआघाट, फाफामऊ, नैनी, अरैल, झूंसी आदि घाटों पर महिलाओं ने पहुंच कर की।

### सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा, पति की दीघार्यु की कामना के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

**संध्या देवी जिला परिषद अध्यक्ष चेयरमैन अरवल बिहार बताती है कि वट सावित्री का व्रत करवा चौथ की तरह ही है**



**नैनी।** नैनी वट सावित्री का व्रत प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के दिन मनाया जाता है। इस पूजा के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखती है। महिलाएं वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करती है। ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखने की परम्परा है। गुरुवार को वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिनों ने गंगा स्नान किया। इसके बाद वट वृक्ष की पूजा की। पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष के कच्चे सूत के धागों से फेरे भी लिए। मान्यताओं के अनुसार। संध्या देवी जिला परिषद अध्यक्ष चेयरमैन अरवल बिहार बताती है कि वट सावित्री का व्रत करवा चौथ की तरह ही है। इस व्रत बड़ा कुछ सुहागिनों निर्जला उपवास रखती है और शाम को जल से व्रत का पारण करती है। वट सावित्री व्रत के दिन अगर शुभ मुहूर्त पर वट वृक्ष की पूजा करती है तो वैवाहिक जीवन में सुख शांति और समृद्धि का वास बना रहता है। व्रत की पौराणिक मान्यता इस व्रत की पौराणिक मान्यता है कि इस व्रत को करने से पति की आयु लम्बी होने के साथ जीवन रोगमुक्त हो जाता है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। वट सावित्री व्रत पर सुहागिनें अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखकर वट वृक्ष करती है और की कथा का श्रवण भी करती है।

## नव निर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह का हुआ जोरदार स्वागत

**नैनी शंकरढाल व मेवा लाल बगिया चौराहे पर मंटू सिंह, नाजिम खान व सैकड़ो कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत**



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के तत्वावधान में शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा के आवास नैनी कांग्रेस कार्यालय पर लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद सीट से इंडिया गठबंधन से कांग्रेस पार्टी के नव निर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह का नैनी की शरजमी पर प्रथम आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं में एक नई जान और जोश के साथ स्वागत किया है, और इस स्वागत के अवसर पर सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि देश में विकास कार्य की लहर को करने में केवल इंडिया गठबंधन का संयुक्त दल ही कर सकता है और अन्य दलों ने जनता के अधिकारों के साथ केवल छलावा किया है। और देश में जबसे एन डी ए के साथ मिले हुए घटक दल सत्ता में आए हैं तब तक देश की जनता के साथ अन्याय और छल करने के साथ-साथ देश के अंदर बेरोजगारी का जाल और महंगाई की बाढ़ चरण सीमा पर पहुंचा दिया है और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर देश में बढ़े हुए महंगाई की गाज और बेरोजगारी के महाजाल को तोड़ने में केवल इंडिया गठबंधन के दल और कांग्रेस ही पूरी ताकत व मजबूती के साथ देश में बढ़ी हुई महंगाई और बेरोजगारी के बढ़े हुए महाजाल को समाप्त करने में अपने कारगर कदम को बढ़ाने का प्रयास करेगी।और इंडिया गठबंधन सरकार बन जाने सरकार का पहला कदम होगा कि देश के नौजवानों को रोजगार से जोड़कर उन्हें बेरोजगारी के जाल से मुक्त करेगी और बढ़ती हुई महंगाई पर लगाम लगाकर देश की जनता के बीच में राहत का कार्य करने में अपनी पूरी ताकत और निष्ठा को लगायेगी। और नव निर्वाचित सांसद घर के अंदर जाकर भगवान शंकर जी और हनुमान के मंदिर में पूजा याचना करते हुए देश के अंदर अमन चैन के प्रति प्रार्थना भी किया है। इस स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा और कार्यक्रम का संचालन शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया तथा स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी के शहर उपाध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज, विरेंद्र शर्मा, हजारी लाल कुशवाहा, पी सी सी सदस्य बबलू खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा, शंभूनाथ शर्मा, धर्मराज रत्नाकर, इंजीनियर विजय कुमार, शंकर प्रसाद मिश्रा, प्रदीप वर्मा, अशोक सोनी, शिव शंकर मिश्रा,प्रदीप शर्मा, सुनील रावत, वार्ड अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा, जमाल अख्तर,मुन्ना जाफरी, राजू भारतीय, नागेश, राज कुमार भारतीय, इंदुबाला, विरेंद्र यादव, गुड्डू भाई, उर्मिला आदिवासी, दुलारे, बिंदु सिंह, पास्टर विनोद जैकब, मीना रावत, हरी ओम, बेलाल कुरैशी, समाजवादी पार्टी के शहर सचिव धीरू यादव, संगम लाल केशवानी। आदि उपस्थित रहे।

इसी प्रकार नैनी शंकरढाल पर समाजसेवी मंटू सिंह, शशि शर्मा, छोटू केसरवानी आदि ने सांसद कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया


नैनी मेवा लाल बगिया स्थित समाजसेवी व व्यापारी नेता नाजिम खान के आवास पर लोकसभा चुनाव में विजयी प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उज्जवल ने कहा की आने वाले समय में नैनी को संवार देंगे। इस मौके पर नाजिम खान, हासिम खान, शहजाद खान, तारिक आफताब, मोहसिम खान,दीपक मिश्रा, शाहबान खान, अर्शी भाई, साबिर भाई, नदीम शेख, सोनू खान, दारा खान, अफजल खान आदि लोग मौजूद रहें।

## इलाहाबाद सीट पर भितरघात से मिली पराजय, हाईकमान से होगी शिकायत



**प्रयागराज।** इलाहाबाद सीट पर मिली हार के कारणों की समीक्षा में भाजपा जुट गई है। इस सीट पर हार की वजह भितरघात मानी जा रही है। इस मामले में पार्टी के कई दिग्गजों की भूमिका की शिकायत पार्टी हाईकमान से की जाएगी। 25 मई को हुए मतदान के बाद ही चुनाव प्रभावित करने वाले कुछ दिग्गजों के नाम भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने हाईकमान तक पहुंचा भी दिए हैं। उधर फूलपुर लोकसभा भाजपा भले ही किसी तरह जीत गई हो लेकिन वहां भी भितरघात के आरोप पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं पर लगे हैं।प्रयागराज की इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने के बाद ही तमाम नेताओं में खींचतान बढ़ गई थी। संगठन सर्वोपरि का दावा करने वाली भाजपा में इस बार जमीनी स्तर के कार्यकताओं की उपेक्षा का भी आरोप लगा। दोनों ही सीट से काफी संख्या में टिकट के लिए लोगों ने आवेदन किया, लेकिन पार्टी नेतृत्व में निवर्तमान सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी एवं केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा से क्रमशः नीरज त्रिपाठी और प्रवीण पटेल पर भरोसा जताया। इसके बाद से ही टिकट न मिलने की नाराजगी तमाम नेताओं ने दिखाई। हालांकि किसी ने सीधे विरोध नहीं किया, लेकिन पर्दे के पीछे से उन नेताओं के भितरघात की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा रहा।दोनों ही लोकसभा में प्रचार एवं रणनीति बनाने का भी काम पटरी से उतरा नजर आया। भाजपा संगठन की बात करें तो यमुनापार एवं महानगर के पदाधिकारियों ने बैठकें तो बहुत की, लेकिन मतदान के दिन आलम ये था कि यमुनापार के तमाम बूथों पर से भाजपा के बस्ते तक भी दिखाई नहीं दिए। यही हाल शहर के कुछ मुस्लिम बूथों के बाहर दिखा। वहां भी भाजपा के बस्ते नहीं दिखाई दिए।कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मेयर अभिलाषा, पूर्व मंत्री एवं विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, निवर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल, पूर्व विधायक नीलम करवरिया की भी चुनाव के दौरान सक्रियता कम दिखी। निवर्तमान सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी की बात करें तो टिकट कटने के बावजूद भी उन्होंने नीरज के समर्थन में इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में 44 सभाएं की।इस बीच भाजपा संगठन के भी तमाम नेताओं ने यहां कैंप किया। गुजरात से हार्दिक पटेल, हरियाणा से सांसद संजय भाटिया, सांसद राधा मोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर आदि ने यहां काफी समय भी बिताया, लेकिन चार जून को जो नतीजे आए वह कहीं न कहीं भाजपा के लिए चौंकाने वाले ही साबित रहे। इस बीच मतगणना के बाद नीरज अपने कुछ परिचितों से यह भी कहते नजर आए कि उनका चुनाव उज्ज्वल रमण समेत पांच लोगों से था। इसमें चार जो भाजपा के ही शीर्ष नेता हैं जिन्होंने पर्दे के पीछे उन्हें चुनाव हरवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनकी शिकायत भी नीरज ने पार्टी आलाकमान से की है।

## पकड़ी गई नशे के इंजेक्शन की खेप ,गैंग का खुलासा, छात्रों को लगा रहे थे नशे की लत



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नशे के सौदागरों के एक गैंग का खुलासा हुआ है। एंटी नॉरकोटिक्स टास्क फोर्स प्रयागराज जोन की टीम ने छापेमारी कर गैंग के एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं, इंजेक्शनों की बरामदगी की है। टीम ने लीजेसिक इंजेक्शन 2 एमएल की खेप पकड़ी है। 1200 शीशी के अलावा एविल इंजेक्शन10 एमएल 450 शीशी, 100 डिस्पोजल सिरिंज, 500 निडिल्स बरामद किया है। नशीले इंजेक्शनों का मुख्य सप्लायर और उसका एक साथी फरार है। पकड़े गए राजेश कुमार गुप्ता के पास से 16000 रुपये बरामद हुए हैं। यह रुपये नशीले इंजेक्शन बेचकर कमाए गए थे। धरपकड़ बुधवार देर रात की गई।एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के इंचार्ज अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यह गिरोह प्रयागराज जिले में ऐसी इंजेक्शन और दवाओं की सप्लाई कर रहा था, जिससे नशा हो।इंजेक्शन बड़े पैमाने पर राजस्थान के जयपुर शहर से यहां लाकर बेचे जा रहे थे। गिरोह का मुखिया आशु इन दिनों जयपुर में है। वहीं से इंजेक्शन की खेप प्रयागराज भेज रहा था। उसके साथ शनि भारतीय नाम का तस्कर भी है। दोनों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।

### युवाओं, कान्वेंट स्कूलों के छात्रों को दे रहे थे इंजेक्शन वाला नशा

प्रयागराज में नशे के इंजेक्शन की सप्लाई करने वाला यह गैंग अपने जाल में युवाओं को फंसाए था। शराब आदि अन्य नशा करने से उनकी पकड़ हो जाती है।ऐसे में इस गिरोह ने युवाओं और कान्वेंट स्कूल के छात्रों को अपने जाल में फंसाकर इंजेक्शन के जरिए नशा करने की लत लगा दी। पकड़े गए धंधेबाज ने पूछताछ में कबूल किया है कि उसके ग्राहकों में काफी संख्या में छात्र हैं।

**एक गिरफ्तार, तीन नामजद :** छापेमारी के बाद टास्क फोर्स ने पकड़े गए राजेश कुमार गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता निवासी 131सी/5बी अबुबकरपुर को धूमनगंज थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि एफआईआर में दो को नामजद किया है। इसमें आशु तंबाकू वाली गली कीडगंज और शनि ताड़बाग धूमनगंज हैं।आशु की लोकेशन जयपुर मिली है। जयपुर में उसे इंजेक्शनों की सप्लाई देने वाले की तलाश भी जारी है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 70 रुपये कीमत का इंजेक्शन 250 रुपये में बेच रहे थे।

### एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस

मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मुखबिरों की सूचना पर यह गिरफ्तारी हो सकी। धूमनगंज इलाके में एनसीआर बिल्डिंग के पास अन्डरग्राउन्ड रेलवे ब्रिज के नीच नशीला इन्जेक्शन सप्लाई करने के लिए राजेश गुप्ता खड़ा था।तभी टीम ने उसे दबोच लिया। ड्रग इंस्पेक्टर संतोष कुमार पटेल, धूमनगंज थाने की टीम भी मौके पर बुलाई गई। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

## इविवि में अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डाक्टर अनूप कुमार सहित तीन लोगों की दुर्घटना में मौत

**प्रयागराज।** बिहार के गया जिले में आमस के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया है सड़क हादसे में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही बचाव एवं राहत के लिए पुलिस पहुंच गई है मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है मौके पर कोहराम मचा हुआ है । बिहार में सड़क हादसे में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डाक्टर अनूप कुमार का निधन हो गया है इस हादसे में डाक्टर अनूप के पिता और ममेरे भाई ने भी अपनी जान गंवाई है रफीगंज के निकट घोसटा गांव के डाक्टर अनूप कुमार रहने वाले थे ।

# पति की सलामती के लिये सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

## बरामद के पेड़ के नीचे सुहागिन महिलाओं की रही भीड़

**अखंड भारत संदेश**



वट सावित्री की पूजा करती सुहागिन महिलाएं।

**प्रतापगढ़।** आज ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर महिलाओं ने अपने पति की सलामती के लिये शहर के विभिन्न स्थानों पर बरगद के पेड़ के नीचे जाकर विधि विधान से वट सावित्री पूजा की। शहर में बेल्हा देवी मंदिर, स्टेशन रोड, बलीपुर के अलावा जहां-जहां भी बरगद के पेड़ थे, आज वहां महिलाओं की भीड़ दिखाई पड़ रही थी।

महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर वट सावित्री की पूजन अर्चन के बाद ही जल ग्रहण किया। इस पूजा में मीठी पूड़ी, चना आदि का भोग लगाकर वहीं प्रसाद ग्रहण किया। यह वट सावित्री पूजा के लिये दोपहर तक मंदिरों व अन्य स्थानों पर बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर ब्रम्हा, विष्णु, महेश की पूजा अर्चना की।

पट्टी संवाददाता के मुताबिक कोतवाली परिसर में सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति के लंबी उम्र की कामना की। बता दें वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह की अमावस्या को रखा जाता है। हिंदू धर्म में विवाहित महिलाएं ज्येष्ठ माह की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखती है। इसे कई जगहों पर बड़मावस का त्योहार भी कहा जाता है। महिलाएं इस दिन व्रत करती है और वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा करके पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद मांगती है। शास्त्रों में कहा गया है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवता निवास करते हैं। इस व्रत को करके महिलाएं तीनों देवों से अपने पति की लंबी उम्र का वरदान मांगती है। क्षेत्र में वट सावित्री व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना की।

# नहरों में पानी की जगह उड़ रही धूल

## किसान कैसे डाले धान की नर्सरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** इलाहाबाद जल शाखा से जुड़े अरखा रजबहा, अदलाबाद व परियावां माइनर में 6 जून बीत जाने के बाद भी अभी तक नहर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नहर मे पानी छोड़ने को तैयार नही है। नहर मे पानी न छोड़े जाने से किसानो मे अपनी धान की नर्सरी को लेकर माथे से पसीना आ रहा है जिन किसानो के पास पानी का साधन है।

उनकी धान की नर्सरी पड़ गयी जो किसान नहर का पानी व ईश्वर के पानी के भरोसे है वह पानी का इंतजार कर रहे है जब कि 1 जून से 25 जून के अंदर धान की नर्सरी तैयार होकर खेतो मे लग जानी चाहिए लेकिन अभी तक नहर मे पानी न छोड़े जाने से किसान परेशान दिखाई पड़ रहे है नहर व ऊपर वाले से पानी की आस लगाकर



अरखा रजबहा मे पानी की जगह झाड़ फूस।

बैठे किसान धान का बीज पानी के चलते नही खरीद पा रहे है।पानी की आस लगाए नहर का इंतजार कर रहे है। इस बाबत जानकारी करने पर एस डी ओ शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि नहरो मे कागजी लिखा पढ़ी मे 16 जून को पानी छोड़े जाने को है लेकिन यदि कोई आदेश हुआ तो उससे पहले भी छोड़ा जा सकता है। क्षेत्रीय किसान संदीप सोनकर, राजेश श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र मौर्य, लाला तिवारी, छोटेलाल प्रजापति,संतोष सोनकर, भगौती सरोज, पृथ्वीपाल सरोज, दीना नाथ मिश्रा, कामतानाथ तिवारी,जगराम प्रजापति, मुकेश कुमार, छोटेलाल पांडेय,सुन्दर आदि किसानो ने जिलाधिकारी राजीव रंजन व अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस तरफ आकृस्ट कराते हुए नहरों मे तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की है जिससे धान की नर्सरी तैयार हो सके।

# अयोध्या के लिए चलाई गई बस सेवा ठप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी मुख्यालय स्थित रोडवेज बस डिपो ने लोगों की मांग पर अयोध्या दर्शन के लिए एक बस सेवा की शुरुआत की लेकिन बस का संचालन महज कुछ दिनों तक ही चल सकी,उसके बाद बस सेवा ठप हो गई। आपको अवगत करा दें कि अयोध्या में जब श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ और प्राण प्रतिष्ठा कर श्री राम जी की मूर्ति स्थापित की गई तो पट्टी की जनता ने सिविल लाइन स्थित बस डिपो से अयोध्या आने जाने के लिए एक बस की मांग किया।जिसके बाद पट्टी बस डिपो द्वारा एक बस का संचालन पट्टी सिविल लाइन से अयोध्या के लिए किया गया।बस के संचालन के बाद तहसील क्षेत्र के तमाम लोग अयोध्या जाने आने में सहज महसूस करने लगे और अयोध्या रामलाल के दर्शन के लिए जाने लगे।लेकिन आलम यह रहा की बस सेवा कुछ ही दिनों तक सुचार रूप से चल सकी उसके बाद बस सेवा बंद हो गई। जब क्षेत्र के लोगों ने बस डिपो के कर्मचारियों से बस सेवा बंद होने का कारण पूछा तो कर्मचारी माकूल जवाब नही दिए जिससे लोगों में रोडवेज कर्मचारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

# एलएलबी की परीक्षा में चार नकलची पकड़े गए

## आंतरिक सचल दल ने मुख्य द्वार एवं कमरों में ली तलाशी, आज की परीक्षा में 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते शिक्षकगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की एलएलबी की सम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से एमडीपीजी कॉलेज में शुरू हुईं। परीक्षा के पहले ही दिन चार परीक्षार्थियों को महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल ने नकल करते हुए पकड़ा। प्राचार्य के निर्देश पर उनकी उत्तर पुस्तिकाऐं नकल सामग्री के साथ सील कर दी गईं।

एमडीपीजी कॉलेज में आज से विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हुई। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देश पर परिसर के मुख्य गेट पर ही सघन तलाशी के उपरांत छात्र-छात्राओं को प्रवेश करने दिया गया। परीक्षा कक्षों में भी महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल द्वारा आवश्यक तलाशी ली गई। द्वितीय पाली की परीक्षा में तलाशी के दौरान कक्ष संख्या एक, कक्ष संख्या पांच,कक्ष संख्या सत्रह एवं कक्ष संख्या 23 में एक-एक नकलची नकल सामग्री के साथ नकल करते पकड़े गए। प्राचार्य के निर्देश पर परीक्षा समिति ने नकलचियों की उत्तर-पुस्तिका नकल सामग्री के साथ सील कर दी। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया की प्रथम पाली में एलएलबी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं 8:00 बजे से 10:00 तक, द्वितीय पाली में एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 11:30 बजे से 1:30 तक तथा तृतीय पाली में षस्टम सेमेस्टर की परीक्षाएं 3:00 बजे से 5:00 तक संपन्न हुईं। प्रथम पाली में 329 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 317 ने परीक्षा दी और 12 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली में 320 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 314 ने परीक्षा दी और छह अनुपस्थित रहे। तृतीय पाली में भी छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 314 ने परीक्षा दी। आंतरिक सचल दल में प्रो प्रदीप कुमार सिंह, डॉ डी के पांडेय, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र आदि शामिल रहे।

# महाविद्यालय में चल रही परीक्षा में दो नकलची पकड़े गये

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकाकर में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर परीक्षाएं 6 जून से प्रारंभ हुई जो प्रत्येक दिन तीन पालियों में संचालित हो रही है 6 जून को प्रथम पाली मे एलएलबी सेमेस्टर द्वितीय चतुर्थ एवं छठें सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे प्रथम पाली की परीक्षा में आंतरिक उड़ाका दल के सदस्यों द्वारा दो छात्रों को नकल करते हुए पकड़ा तीनों पालियों की परीक्षाएं निर्बाध रूप से संपन्न हुई।

पहले ही दिन आंतरिक उड़ाका दल ने दो परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़े जाने पर महाविद्यालय परिसर मे हड़कंप मच गया। कालेज प्राचार्य एव केंद्र व्यवस्थापक प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने नकलविहीन परीक्षा को सकुशल सम्पन कराने के लिए आंतरिक उड़ाका दल को कडे निर्देश दे रखे हैं कि किसी भी कीमत पर नकल नहीं होने दी जाएगी। मदन मोहन मालवीय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज कालाकांकर प्रतापगढ़ मे गुरुवार से प्रारंभ हुई महा विद्यालय मे एल एल बी की ईवन सेमेस्टर की तीनो पाली मे कुल 26 परीक्षार्थी अनुपास्थिति पाये गये परीक्षार्थियों की तरफ से कालेज प्रशासन को कोई प्राथर्नापत्र नही दिया उक्त आशय की जानकारी देते हुये कालेज के प्राचार्य एव केंद्र व्यवस्थापक शिवम श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम पाली मे 276 में 254 व दूसरी पाली दो 268 मे 264 व तृतीय पाली में 236 मे 232 परीक्षार्थी उपस्थिति रहे।

# डांस को लेकर हुई मारपीट में एक युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के कोतवाली देहात अंतर्गत पुलिस चैकी कटरा मेदनीगंज क्षेत्र के रायपुर कला गांव में अंतू थाना क्षेत्र गड़वारा के कुआं गांव से बारात आई थी। इस दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर बारातियों के बीच आपस में हुई कहासुनी हो गई। इससे वहां पर मारपीट शुरु हो गई। मारपीट के दौरान एक युवक रोहित सरोज पुत्र रामकुमार सरोज उम्र (21) वर्ष निवासी कुआं गड़वारा को गंभीर रुप से घायल हो गया। इलाज के लिये अस्पताल ले जाते समय रास्ते ने उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। उधर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कोटे के राशन के वितरण को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा शिकायती प्रार्थना पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांव के निलम्बित कोटे में डम्प राशन के वितरण कराए जाने को लेकर गुरूवार को यहां तहसील पहुंचकर ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत राहाटीकर गांव का कोटा अनियमितता के चलते निलंबित किया गया है। मामले में ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ अनियमितता की शिकायत की थी। कोटा निलंबन की जानकारी होने के बाद गुरूवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने एसडीएम प्रवीण द्विवेदी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर निलंबित कोटे में डंप राशन को कार्डधारकों में वितरण कराए जाने की मांग उठाई। वहीं ग्रामीणों में विजय बहादुर, अमरेंद्र प्रताप सिंह, इलियास, रोहित, लालसिंह, राजेन्द्र, मो. नईम खॉन आदि ने कहा कि किसी सक्षम प्रशासनिक अधिकारी की देखरेख में डंप खाद्यान्न का वितरण कराया जाय। वहीं ग्रामीणों ने प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था को सुचारू बनाये जाने की भी मांग उठाई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कोटेदार सप्ताह भर में कोटा बहाल करा लेने और पुनः मनमानी करने की धमकी भी दे रहे है। एसडीएम प्रवीण द्विवेदी का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

# विद्युत कर्मी की मौत के मामले में साजिश कर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील अंतर्गत सदहा उपकेंद्र पर विद्युत कर्मी के पद पर राकेश कुमार श्रीवास्तव कार्यरत था जो की सिट डाउन लेकर डाही गांव में हाई वोल्टेज लाइन ठीक करने गया था और लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर चुका था इसी बीच लाइन चालू हो जाने के कारण वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के लिए परिजन लखनऊ ले जा रहे थे कि रास्ते में ही विद्युत कर्मी की मौत हो गई थी।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर गांव के रहने वाले राकेश कुमार श्रीवास्तव बीते सप्ताह 30 मई को रोज की तरह सदहा उपकेंद्र गया हुआ था जहां पर एक सूचना प्राप्त हुई कि डाही गांव में हाई वोल्टेज की लाइन में खराबी है।

सूचना के तुरंत बाद वह डाही गांव पहुंचा और सिट डाउन लेकर कार्य चालू कर दिया अभी वह 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर ही चुका था कि इसी बीच अचानक विद्युत धारा प्रवाह होने के चलते वह चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। घंटो वह वही तड़पता रहा लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन में जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने इलाज के उपरांत स्वरूप रानी प्रयागराज रेफर कर दिया।स्वरूप रानी के भी डॉक्टर भी वहां से भी रेफर कर दिये।परिजन विद्युत कर्मी को लेकर लखनऊ के लिए निकल ही थे की लाल गोपालगंज के पास उसने दम तोड़ दिया। मौत होने पर आसपुर देवसरा पुलिस मौके पर आई शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया था।वहीं विद्युत कर्मी के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए आसपुर देवसर थाना में प्रार्थना पत्र दिया,जांच के बाद सदहा उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारी राजेंद्र यादव व इंद्रमणि तिवारी उर्फ लोटा तिवारी के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है।

# अधिकारियों व कर्मचारी की कड़ी मेहनत से सम्पन्न हुआ सकुशल चुनावः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन आईएएस, प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा आईएएस के कुशल एवम् अनुभवी नेतृत्व में सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक/जिला विकास अधिकारी प्रतापगढ़ राकेश प्रसाद, सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक/जिला विद्यालय निरीक्षक/उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ सरदार सिंह,सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह आदि अधिकारियों के कुशल निर्देशन एवम् सहयोग से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद प्रतापगढ़ में पारदर्शी, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने के पश्चात राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ



अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी संजीव रंजन।

मोहम्मद अनीस, एआरपी धर्मेंद्र कुमार ओझा आदि ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के कार्यों की बहुत प्रशंसा की और कहा कि आप लोगों की रात दिन की मेहनत और परिश्रम से यह सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# कुत्तों के काटने से हिरन की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कुत्तों के काटने से हिरन की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने हिरन को कब्जे में लेकर उसका अंतिम संस्कार किया। विकासखण्ड सांगीपुर क्षेत्र के रामनगर कोल मुस्तफाबाद में सई नदी किनारे गुरूवार को विचरण कर रहे एक हिरण को देख कुत्तों के झुण्ड ने उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों के प्राणघातक हमले से गंभीर रूप से घायल होकर हिरन की मौत हो गयी। इसी बीच उधर से गुजर रहे कुछ चरवाहों ने कुत्तों द्वारा हिरन को नोंचते देखा तो उन्हें वहां से भगाया और इसकी सूचना गांव में दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी मृतक हिरन के शव को लेकर चले गये। वन दरोगा रमेशचंद्र मिश्र ने बताया कि कुत्तों के काटने से हिरन की मौत हुई है। पीएम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## आरसेटी गोड़े में हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**



पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते अतिथिगण।

**प्रतापगढ़।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, आरसेटी, गोंडे, प्रतापगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य बी बी सिंह का आगमन हुआ।

इनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठी के रूप में प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इन्होंने ब्यूटी पार्लर बैच का उद्घाटन करते हुए प्रशिक्षार्थियों को उद्यमिता विकास पर जानकारी दी और उनके भावी जीवन के प्रति मंगल कामनाएं व्यक्त कीं।

उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रकृति में पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति भी सचेत किया। संस्थान के निदेशक जितेंद्र प्रसाद ने पानी की सुरक्षा, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग, अधिकतर क्षेत्र में फलदार, छायादार वृक्षों की उपज बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय सलाहकार शिशिर खरे ने किया और उपस्थित प्रशिक्षार्थियों से अपील किया कि वह प्रशिक्षण के उपरांत अपने निवास जाने के बाद अपने परिसर के आसपास कम से कम दो या तीन पेड़ अपने परिवार जनों के साथ लगाकर उनकी देखभाल भी करें। कार्यक्रम के पश्चात आरसेटी परिसर में अतिथियों, बैंक ऑफ बड़ौदा से शिवानी मिश्रा, निदेशक, वित्तीय सलाहकार, प्रशिक्षणार्थियों आदि द्वारा, वन विभाग चिलबिला के सौजन्य से प्राप्त चैदह पेड़ भी लगाए गए। फैकल्टी संजीव कुमार, अमृता दुबे, बबीता सिंह, विनय विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिवक्ता परिषद की लालगंज इकाई ने किया वृक्षारोण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधों का लगाना जरूरी होता है। इससे जहां प्रकृति में संतुलन बना रहता है वही वातावरण भी शुद्ध रहता है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिवक्ता परिषद अवध की प्रतापगढ़ इकाई द्वारा जिले भर में इकाई के अध्यक्ष मनोज सिंह व महामंत्री सुरेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरूवार को लालगंज तहसील परिसर में भी अधिवक्ता परिषद अवध की लालगंज इकाई द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इकाई के संयोजक संतोष कुमार दुबे के नेतृत्व में तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने वृक्षारोपण किया। संयोजक संतोष कुमार दुबे ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सभी कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाये। इस मौके पर नामवर सिंह, उमापति मिश्र, अनीस मिश्र, विन्देश्वरी शुक्ल, सुरेशचंद्र ओझा, सुमित त्रिपाठी वत्सल आदि रहे।

# कौशाम्बी पर्यटन स्थल को एयरपोर्ट प्रयागराज से जोड़ने वाली निर्माणाधीन फोरलेन सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

## जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा की गई सड़क निर्माण कार्य के प्रगति की विस्तृत समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड कौशाम्बी दया शंकर से फोरलेन सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए, निर्देशित किया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से समन्वय कर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर सर्वप्रथम उन समस्याओं का निस्तारण कराते हुए निर्माण कार्य में तेजी से प्रगति लायी जाय। उन्होंने उप जिलाधिकारी चायल एवं मझनपुर को निर्देशित किया कि फोरलेन सड़क के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण तत्काल कराया जाय तथा अधिशासी अभियन्ता को राजस्व से सम्बन्धित अपेक्षित जानकारी/रिकार्ड समय से उपलब्ध करायी जाय। बैठक में अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के दायरे में वन विभाग की 10.4 हेक्टेयर भूमि आ रही है,जिसके बदले में राजस्व विभाग द्वारा वन विभाग को अन्यत्र स्थान पर 07 हेक्टेयर एवं 03 हेक्टेयर की भूमि उपलब्ध करायी गयी थी, जिस पर वन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें सम्पूर्ण 10.4 हेक्टेयर गैर वनभूमि या वह गैर वन भूमि जो 05 हेक्टेयर से कम न हो उपलब्ध करायी जाय,इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को भूमि चिन्हित कर वन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं उप जिलाधिकारीगण राहुल देव भट्ट व आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर जीजा के भाई ने दो वर्षो तक बालिका से बनाए संबंध

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी बड़ी बहन की शादी करारी थाना क्षेत्र के भटवारिया गांव में हुई थी और मैं अक्सर अपनी बहन के घर आया जाया करती थी जीजा का चचेरा भाई तूफान अक्सर मेरे साथ छेड़खानी करता था और उसने शादी का वादा करते हुए मेरे साथ कई बार संबंध बनाया। बालिका का कहना है कि भटवारिया गांव का तूफान मेरे साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब भी मैं शादी की बात बीच में लाती वह टालता रहता था और मैं सिलाई मजदूरी कर एकत्रित रखे पैसे को भी उसे जरूरत पड़ने पर देती रही आरोपी युवक ने बालिका से 40000 रुपए भी ठग लिए बालिका के मुताबिक जब शादी करने के लिए मैंने 29 मई को कहा तो मुझे मारपीट कर मेरा फोन तोड़ दिया। शादी से इनकार कर धमकी देते हुए भाग गया मामले की शिकायत करारी थाना प्रभारी से कर कारवाही की मांग की है।

# अज्ञात वाहन ने राजगीर को कुचला, मौत

**अखंड भारत संदेश**

## परिजनों समेत ग्रामीणों ने तिल्हापुर मोड़ सराय अकिल मार्ग जाम कर दिया



**चायल कौशांबी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के जरैनी गांव के समीप बृहस्पतिवार रात अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार राजगीर को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों समेत ग्रामीणों ने तिल्हापुर मोड़ सराय अकिल मार्ग जाम कर दिया। सूचना के बाद मौके पर सरायअकिल, पिपरी समेत चरवा पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने के प्रयास कर किसी तरह चक्का जाम हटवाया। पिपरी कोतवाली के तिलगोड़ी गांव निवासी रामभवन उम्र 30 वर्ष राजगीर था। परिजनों ने बताया कि इन दिनों रामभवन नेवादा गांव में किसी का मकान बना रहे थे। बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे साइकिल से वह वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जरैनी गांव के समीप पहुंचे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में रामभवन की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से मात्र एक किमी दूर स्थित उनके घरवालों को हादसे में जैसे ही मौत की सूचना मिली रोते बिलखते वह मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गई।गुस्साए लोगों ने सड़क पर बांस बल्ली लगाकर तिल्हापुर मोड़ सराय अकिल पर जाम चक्काजाम कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सरायअकिल पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन नाराज परिजन और ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए।बवाल की आशंका पर पिपरी और चरवा पुलिस भी पहुंच गई। बताया जा रहा है पुलिस ने जब शव को जबरिया पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा तो आक्रोशित ग्रामीणों ने बवाल काटना शुरू कर दिया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। खबर लिखे जाने तक नाराज लोगों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया था बड़ी मुश्किल से पुलिस ने शव को उठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

# झांसी की रानी बन पीड़िता ने फोड़ा बलात्कारी का सिर

**अखंड भारत संदेश**

## दलित नाबालिग बालिका से बलात्कार करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज कर दो दिन बाद भी नहीं किया गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के गरीब बक्स के पुरवा गांव की एक दलित नाबालिग बालिका के घर दूध लेने जाने वाले संजय यादव निवासी फकीर बक्स का पुरवा ने अकेले बालिका को पा कर के उसके साथ जबरिया बलात्कार किया किसी तरह से आरोपी युवक के चंगुल से छूट कर बालिका ने युवक को ईट फेंक कर मार दिया जिससे युवक का सिर फट गया है घटना 5 जून की रात 8 बजे की है युवक के चंगुल से छूटने के बाद बालिका चीखने चिल्लाने लगी जिस पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए हैं बालिका ने आबरू से खिलवाड़ करने वाले युवक के साथ जिस साहस का परिचय दिया है वह काबिले तारीफ है मामले की सूचना बालिका की मां ने थाना पुलिस को दी पुलिस आरोपी युवक को पकड़ कर ले गई है लेकिन कार्यवाही न होने पर मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा एडीएम एएसपी के साथ की बैठक

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बन्ध में अपर जनपद न्यायाधीश/ नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदलत शिरीन जैदी द्वारा अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा के साथ बैठक की गई।बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ने अपर जिलाधिकारी से कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व के अधिकाधिक मामलों को चिन्हित कर निस्तारित कराया जाय। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि न्यायालय द्वारा जारी किये गये समन/नोटिसों का अधिकाधिक तामिला सुनिश्चित कराया जाय। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण पूर्णिमा प्रांजल ने दी।

# गुरु परंपरा को शिक्षक ने किया तार तार शिष्या से किया बलात्कार

**अखंड भारत संदेश**


## प्रिंसिपल पर इससे पूर्व भी एक नाबालिग छात्र के साथ कुकर्म करने का लगा था आरोप



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में स्कूल के एक शिक्षक ने शिष्या से बलात्कार किया है स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा नाबालिग छात्रा से बलात्कार किए जाने का यह मामला पुलिस की चौखट तक पहुंच चुका है हालांकि अभी तक बलात्कारी शिक्षक की गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है शिष्या से बलात्कार कर शिक्षक ने गुरु परंपरा की धज्जियां उड़ा दी हैं आखिर शिक्षकों पर लोग कैसे भरोसा करें और उनका सम्मान कैसे करें घटना को दो दिन बीत चुके हैं पीड़ित परिवार पुलिस की चौखट पर दौड़ लगा रहा है लेकिन अभी तक उसे न्याय नहीं मिला है शिष्य से बलात्कार करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें शिक्षक छात्रा से अश्लीलता कर रहा है जिसके चलते शिक्षक समाज की किरकिरी हो रही है बताया जाता है कि डॉक्टर के स्कूल में यह बलात्कारी प्रिंसिपल तैनात है और स्कूल में पढ़ने वाली शिष्या के साथ उसने बलात्कार कर शिक्षक समाज को शर्मसार करने का घिनौन्स काम किया है कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी में आरएसएस द्वारा संचालित रामबली शर्मा सरस्वती बाल मंदिर स्कूल के प्रिंसिपल डी के मिश्रा का स्कूल की छात्रा के साथ अश्लीलता करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,वायरल वीडियो में प्रिंसिपल छात्रा के साथ अश्लीलता करते हुए दिखाई पड़ रहा है,वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।वही चर्चा है कि उक्त प्रिंसिपल पर इससे पूर्व भी एक नाबालिग छात्र के साथ कुकर्म करने का आरोप लगा था,जिसपर प्रिंसिपल की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई भी की थी,ऐसे असमाजिक प्रिंसिपल को कड़े से कड़े दंड दिए जाने की जनता ने गुहार लगाई है।

# न्यूज झरोखा

## ट्रेन के आगे कूद गयी घरेलू कलह से आजिज विवाहिता



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के दर्जी का पूरा गांव के सामने कानपुर कि तरफ से प्रयागराज की तरफ जा रही ट्रेन के सामने कूद कर एक विवाहिता ने खुद खुशी कर लिया है। डेड बॉडी खून से लथपथ की हालत में रेलवे ट्रैक के किनारे विखरी पड़ी मिली। राहगीरों व आसपास के लोगों ने शव की शिनाख्त करने के लिए मौके पर काफी संख्या में इकट्ठा हो गए। शव की शिनाख्त चरवा थाना क्षेत्र के बाबा तारा गांव के दिलीप कनौजिया की पत्नी के रूप में किया । मौके पर मौजूद लोगों ने मृतका के परिजनों को फोन से जानकारी दिया। परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच कर डेड बॉडी की पहचान किया। परिजनों ने संदीपन घाट पुलिस को फोन के द्वारा शव कि जानकारी दिया। संदीपन घाट पुलिस मौके पर पहुंच कर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 6 दिन से बंद है टंकी से पानी की सप्लाई बूंद बूंद पानी को परेशान ग्रामीण, प्रधान के देवर पर मनमानी करने का लगा आरोप



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के कमालपुर गांव में पानी की टंकी से सप्लाई 6 दिनों से बंद कर दिया गया है जिससे पूरे गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है प्रधान का देवर मनमानी पर उतारू है और लेखपाल भी पानी की सप्लाई शुरू करने में सहयोग नहीं कर रहा है भीषण गर्मी में 6 दिनों से पानी न मिलने से गांव के लोग बिलबिल उठे हैं जल निगम के कर्मचारी अधिकारी भी कान में तेल डालकर सो रहे हैं जिससे जनता की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है तपती गर्मी में पानी के लिए छोटे-छोटे बच्चे दूर-दूर जाते हैं हैंडपंप और निजी नलकूप में घण्टो लाइन में खड़े होकर पानी लेकर घर आते हैं तब उनकी प्यास बुझती है सवाल उठता है कि इस गर्मी के दिनों में पानी की टंकी से पानी सप्लाई क्यों बंद की गई है आखिर पानी की टंकी बंद कर ग्रामीणों को परेशान करने के पीछे प्रधान लेखपाल और उसके देवर की क्या मनसा है कहीं मामला लोकसभा चुनाव के मतदान से तो जुड़ा नहीं है गांव के तालाब भी सूख रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि गांव के तालाब को सुखाने के लिए पानी की टंकी बंद कर दी गई है जिसका खामियाजा गांव के सैकड़ो परिवार के लोग भुगत रहे हैं ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल पानी की सप्लाई शुरू कराए जाने की मांग की है साथ ही साथ ग्रामीणों ने कहा कि 6 दिनों तक पानी की सप्लाई बंद रखने वाले ग्राम प्रधान उसके देवर और लेखपाल पर कठोर कार्रवाई कर इन्हें दंडित किया जाए जिससे दोबारा यह पानी की सप्लाई बंद ना कर सके।

## गो-आश्रय स्थलों में पेयजल, भूसा-चारा एवं धूप से बचाव की व्यवस्था आदि की आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश

### उप जिलाधिकारियों को गो-आश्रय स्थलों में मूलभूत व्यवस्थाओं का शत-प्रतिशत सत्यापन कराने के निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 सागर को निर्देशित किया है कि उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारियों को गो-आश्रय स्थलवार नामित करते हुए आज दिनांक 06 जून 2024 से दिनांक 07 जून 2024 (02 दिवस) में जनपद के सभी स्थायी/अस्थायी गो-आश्रय स्थलों में पेयजल, भूसा-चारा एवं गोवंशों को धूप से बचाव की व्यवस्था आदि मूलभूत व्यवस्थाओं की भौतिक जॉच कराकर आख्या उपलब्ध करायी जाय। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को शीर्ष प्राथमिकता पर जनपद के सभी स्थायी/अस्थायी गो-आश्रय स्थलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के माध्यम से समस्त गो-आश्रय स्थलों में मूलभूत व्यवस्थाओं का शत-प्रतिशत सत्यापन कराते हुए आख्या 07 जून 2024 की सायं तक उपलब्ध कराने के निर्देश दियें।

## मामा के घर रह रहा बालक लापता



**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के नया नगर में शुभम द्विवेदी के घर उनका भांजा ऋषभ द्विवेदी 19 वर्ष मूल निवासी रेवाड़ी बुजुर्ग थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर रहता था 5 जून को शाम 4:00 बजे वह मामा के घर से कोचिंग जाने को कहकर निकला लेकिन वापस मामा के घर नहीं पहुंचा है लोगों ने उसकी काफी खोजबीन की उसके साथी सहयोगियों से पूछताछ की गई रिश्तेदारों से पूछताछ की गई लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा जिस पर पुलिस को मामले की सूचना दी गई है।

## जेल में बितायी गयी अवधि के कारावास की सजा से दंडित हुए गैंगस्टर एक्ट के 02 अभियुक्त

**कौशाम्बी** गैंगस्टर एक्ट के 02 अभियुक्तों को जेल में बितायी गयी अवधि के कारावास की सजा दिलायी गयी हैं। गौरतलब हो कि दिनांक 31.03.2019 को थाना पूरामुफ्ती पर मु0अ0सं0 117/19 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द्र एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया था । जिसके 02 अभियुक्तों संजय उर्फ संजू पासी पुत्र सुबई पासी और सूरज पासी पुत्र स्व० बब्बू पासी नि०गण भागलपुरवा बेगम सराय थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को 06.06.2024 को न्यायालय एडीजे/एफटीसी द्वितीय द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक अभियुक्त जेल में बितायी गयी अवधि (05 वर्ष 01 माह 17 दिन) के कारावास तथा 05-05 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया अर्थदंड न अदा करने पर 01-01 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

# सुहागन महिलाओं ने किया ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वटवृक्ष की पूजा

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** हर वर्ष सुहागन महिलाओं द्वारा ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट बृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चन कर सावित्री व्रत रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि वटवृक्ष की जडों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों व पत्तियों में भगवान शिव का निवास स्थान है एवं इस वृक्ष की लटकती हुई शिराओं में देवी सावित्री का निवास है।06 जून 2024 को वट सावित्री व्रत का त्योहार सुहागिन महिलाओं ने मनाया है हर वर्ष सुहागन महिलाओं द्वारा ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखा जाता है और वट वृक्ष की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि वटवृक्ष की जडों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों व पत्तियों में भगवान शिव का निवास स्थान है एवं इस वृक्ष की लटकती हुई शिराओं में देवी सावित्री का निवास है। अक्षयवट के पत्र पर प्रलय के अंत में भगवान श्रीकृष्ण ने मार्कण्डेय को दर्शन दिए थे। प्रयाग में गंगा के तट पर अक्षयवट है तुलसीदास जी ने इस अक्षयवट को तीर्थराज का छत्र कहा है। तीर्थो में पंचवटी का महत्व है। पांच वटों से युक्त स्थान को पंचवटी कहा गया है। मुनि अगस्त्य के परामर्श से श्री राम ने सीता व लक्ष्मण के साथ वनवास काल में यहां निवास किया था। अश्विन मास में भगवान विष्णु की नाभि से कमल प्रकट हुआ, तब अन्य देवों से भी विभिन्न वृक्ष उत्पन्न हुए। उसी समय यक्षों के राजा मणिभद्रसे वट का वृक्ष उत्पन्न हुआ। अपनी विशेषताओं और लंबे जीवन के कारण इस वृक्ष को अनश्वर माना जाता है इसीलिए महिलाएं पति की दीघार्यु और परिवार की समृद्धि के लिए यह व्रत रखती है। वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था तब से यह व्रत वट सावित्रीके नाम से जाना जाता है।

## एमए की छात्रा को शादी का झांसा देकर युवक ने बनाया शारीरिक संबंध

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा इसी क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज में एमए की पढ़ाई कर रही है फेसबुक के माध्यम से छात्रा की दोस्ती मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मंगरोहनी गांव के ज्ञान चंद्र पाल से 6 महीने पहले हुई कालेज छात्रा और युवक की दोस्ती धीरे-धीरे संबंधों में बदल गई दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे और परिवार की नजर बचाकर एक दूसरे से एकांत में मिलने लगे दोनों के बीच शादी की बात हुई और शारीरिक संबंध बनने लगा बालिका के घर भी युवक जाने लगा 6 महीने के बीच कई बार शारीरिक संबंध बनाए गए लेकिन धीरे-धीरे युवक ने शादी से इनकार कर दिया है बालिका द्वारा शादी का दबाव बनाए जाने के बाद युवक का मोबाइल बंद हो गया है जिस पर बालिका ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर युवक पर कार्यवाही की मांग की है।

# 8 जून से 25 जून 2024 के मध्य किया जायेगा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

**कौशाम्बी।** आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ०प्र०, जवाहर भवन, लखनऊ के पत्र संख्या-2283/आ०पू०रा०- निःशुल्क वितरण/2024, दिनांक 05.06.2024 द्वारा माह जून 2024 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह जून 2024 में (वितरण दिनांक 08.06.2024 से दिनांक 25.06.2024 के मध्य किया जाएगा। उक्त के दृष्टिगत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनहित में जनपद कौशाम्बी के समस्त राशनकार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह जून 2024 के सापेक्ष अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा० बाजरा अवशेष स्टाक समाप्त होने तक उसके पश्चात 35 किग्रा० खाद्यान्न (14 किग्रा० गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा० बाजरा अवशेष स्टाक समाप्त होने तक उसके पश्चात प्रति यूनिट 05 किग्रा० खाद्यान्न (02 किग्रा० गेहूँ एवं 03 किग्रा० चावल) का वितरण नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में कराया जायेगा। सभी उचित दर विक्रेताओं को भी निर्देशित किया जाता है कि स्टाक का भौतिक सत्यापन कराने के उपरान्त ही निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कार्डधारकों को करेंगें। यह भी अवगत कराना है कि माह जून 2024 के निःशुल्क खाद्यान्न के साथ ही मात्र अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 03 किग्रा0 चीनी 18 रू० प्रति किग्रा० की दर से वितरित की जाएगी। उक्त वितरण दिवसों में उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा। वितरण के दौरान उचित दर विक्रेता द्वारा प्रतिदिन एक निश्चित संख्या में टोकन कार्डधारकों में वितरित किया जाएगा और समय की उपलब्धता एवं नई ई-पास मशीनों से हो पा रहे वितरण के अनुरूप उसमें अपेक्षित परिवर्तन करते हुए खाद्यान्न वितरण का कार्य पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। मोबाईल ओ०टी०पी० के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 25-06-2024 रहेगी। पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टाक में उपलब्ध खाद्यान्न की सीमा तक होगी। राशन कार्डधारकों से अपील की जाती है कि वे उचित दर विक्रेता को अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए नियमानुसार आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करने का कष्ट करें। किसी भी कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क करें। वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान हेतु निम्न मोबाइल नम्बर जिला पूर्ति अधिकारी कौशाम्बी 7839564632, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सिराथू 7007172381, पूर्ति निरीक्षक चायल/नेवादा 9451572412, पूर्ति निरीक्षक कौशाम्बी 9473525538, पूर्ति निरीक्षक कडा / मूरतगंज 9161131301, पूर्ति निरीक्षक मंझनपुर/सरसवां 9451736687 के नंबर पर संपर्क करें।

# गौशालाओं में अव्यवस्था देख नाराज हुए तहसीलदार




**कौशाम्बी।** जिले के सरसंवा ब्लॉक क्षेत्र की गौशालाओं का तहसीलदार मंझनपुर ने गुरुवार को सघन निरीक्षण किया। इस दौरान तमाम अनियमितताएं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मानक के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। सभी प्रधानों और सचिवों को चेतावनी दिया है कि दोबारा गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गोवंश संरक्षण के लिए सूबे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही है । निराश्रित गो आश्रय स्थल योजना के नाम से चलाई जा रही योजना के अंतर्गत गोवंश को सुरक्षित और छायादार स्थान पर रखकर चारा और पानी दिया जाता है। इसके साथ ही मौसम के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने के लिए भी इंतजाम किये जाते हैं गौशालाओं में रखे जाने वाले सभी गोवंश की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अभिलेख बनाने का निर्देश है। इसके साथ ही निराश्रित गो आश्रय स्थल की स्थापना और संचालन से संबंधित शासनादेश में स्पष्ट कहा गया है कि, गोवंश की अभिलेख में दर्ज की गई संख्या के अनुसार निरीक्षण के दौरान मौजूदगी होनी चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि प्रधानों और सचिवों के द्वारा भारी अनियमिताएं करके बंदरबांट की जा रही है।किसी भी गोशाला में सरकारी अभिलेखों में दर्ज संख्या के अनुसार गोवंश की मौजूदगी नहीं होती है। समय-समय पर तमाम जगहों से गंभीर शिकायत शासन प्रशासन को मिलती रहती हैं।बीते दिनों अढौली की गोशाला में हुई जांच के दौरान गंभीर खामियां पाई गई थी। सभी जगह पर करीब-करीब ऐसे ही हालात हैं। अनियमितताओं पर लगाम लगाने के लिए उच्च अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण का प्रावधान किया गया है । गुरुवार को तहसीलदार मंझनपुर भूपाल सिंह ने सरसंवा इलाके के तिरहार क्षेत्र की शाहपुर, भवनसुरी, हटवा अब्बासपुर, भारतपुर आदि गावों में करीब आधा दर्जन निराश्रित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान किसी भी जगह चारा पानी की व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई। इसके साथ ही अभिलेख दुरुस्त नहीं पाए गए। तहसीलदार भूपाल सिंह ने चेतावनी देते हुए सभी प्रधान और सचिवों को दो दिन के भीतर शासनादेश के मुताबिक सभी व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया है।

# अहिल्या उद्धार की कथा सुनकर लोगों ने की भगवान श्रीराम की जय जयकार

## चौथे दिन की कथा में भगवान श्रीराम की बाल लीला से लेकर सीता स्वयंवर तक की लीला प्रसंग का हुआ वर्णन



**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के रामपुर धमावा स्थित अघोरीबाबा कुटी मे सोमवार 3 जून से चल रही साप्ताहिक श्रीरामकथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम की बाल लीला से लेकर सीता स्वयंवर और सीता राम विवाह तक की लीला प्रसंग की कथा का वर्णन कथावाचक सुधीरानंद जी महाराज द्वारा किया गया। सुधीरानंद जी ने कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम और तीनो भाइयों भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न की बाल लीलाओं का सुंदर लीला प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर भक्तजन आनंदित हो उठे।आगे की कथा में बताया कि ताड़क वन में ऋषि मुनियों द्वारा यज्ञ करने में तमाम राक्षस और राक्षसियां विघ्न डालती थीं जिस से ऋषि मुनियों को बड़ा कष्ट होता था। इस पर ऋषि विश्वामित्र ने अयोध्या आकर राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को यज्ञ कार्य की रक्षा हेतु भगवान श्रीराम को वन भेजने का आग्रह किया। राजा दशरथ की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम और लक्ष्मण ऋषि विश्वामित्र जी के साथ ताड़क वन पहुंचे जहां उन्हें खर दूषण नामक राक्षस मिले जिन्हे भगवान श्रीराम ने मारकर समुद्र के पार पहुंचा दिया। इसके बाद ताड़का नामक राक्षसी भगवान श्रीराम से युद्ध करने पहुंची जिसे भगवान श्रीराम ने युद्ध में मार गिराया और ऋषि मुनियों के यज्ञ कार्य को सम्पन्न कराया। इसके बाद ऋषि विश्वामित्र जी के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर में भाग लेने हेतु जनकपुर की ओर चले। रास्ते में एक शिलापट दिखाई दी जिसे भगवान श्रीराम ने अपने चरणों से स्पर्श किया। शिलापट में भगवान श्रीराम के चरण स्पर्श करते ही अहिल्या नाम की नारी उत्पन्न हुई जो भगवान की स्तुति करते हुए सद्गति को प्राप्त हुई। भगवान श्रीराम द्वारा अहिल्या उद्धार की कथा सुनकर भक्तजन भगवान की जय जयकार करने लगे। इसके बाद भगवान श्रीराम जनकपुर पहुंचे और सीता स्वयंवर में शिव धनुष भंजन किया। शिव धनुष के टूटने से परशुराम जनकपुर पहुंचे और क्रुद्ध हो उठे। अंत में भगवान श्रीराम जी द्वारा अनुवय विनय करने से परशुराम जी शांत हुए और फिर सीता जी से भगवान श्रीराम जी का विवाह हुआ। सीताराम विवाह की लीला प्रसंग सुनकर भक्तजन भाव विह्वल हो उठे। इस अवसर पर प्रशांत केसरी, सीताराम केसरी, भानू प्रताप सिंह, सचिन केसरवानी, राजेश केसरवानी, कराची सिंह, रवि सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

# रोकनी होगी भोजन की बबार्दी?

रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं मानी जाती है। जिसके बिना मनुष्य का जीवन बहुत मुश्किल है। इसमें रोटी सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि रोटी के बिना तो मनुष्य जिन्दा भी नहीं रह सकता है। खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित किया जाना है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिल सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में हर दस में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है। जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए इस बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस संक्षिप्त रूप में मनाया जाएगा। जिसमें लोगों को सेहत से जुड़े मुद्दों पर ऑनलाइन एक-दूसरे के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा।

इस बार हम छठवां विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मना रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इससे खाद्य सुरक्षा लेकर लोगों में जागरूकता फैलाई जा सकती है और विश्व स्तर पर खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों को भी ध्यान में लाया जा सकता है। इस दिन को मनाने के पीछे खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने का उद्देश्य था। जो खराब भोजन का सेवन करने की वजह से गंभीर रोगों के शिकार बन जाते हैं।

भोजन की कमी व दूषित भोजन खाने से प्रतिवर्ष हजारों लोगों की जान चली जाती है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और खाद्य और कृषि संगठन को दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का नेतृत्व करने और पौष्टिक खाने के प्रति लोगों को जागरुक करने की जिम्मेदारी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 2018 में पहली बार खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया था। इसके बाद पहली बार 7 जून 2019 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व में अपने मन की बात कार्यक्रम में देश की जनता से बात करते हुए लोगों से खाने की बबार्दी रोकने की अपील की थी। उन्होने कहा कि ऐसा करना गरीबों के साथ अन्याय व समाजद्रोह है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि आपने कभी सोचा है कि हम जो जूठन छोड़ देते हैं। उससे हम कितने गरीबों का पेट भर सकते है? उन्होने कहा था कि इस पर सामाजिक जागरूकता बढनी चाहिए।

भारत में अनाज को अन्नदेव का दर्जा प्राप्त है। यही कारण है कि हमारे देश में भोजन झूठा छोडना या उसका अनादर करना पाप माना जाता है। मगर आधुनिकता के चक्कर में हम अपने पुराने संस्कार भूल गए हैं। हमारे यहां शादियों, उत्सवों या त्यौहारो में होने वाली भोजन की बबार्दी से हम सब वाकिफ हैं। इसके उपरांत भी हम इन अवसरों पर ढेर सारा खाना कचरे में फेंक है। कई बार तो घरों के आसपास फेंके गए भोजन से उठने वाली दुर्गंध एवं सड़ांध वहां रहने वालों के लिए परेशानी खड़ी कर देती हैं। शादियों में खाने की बबार्दी को लेकर भारत सरकार भी चिंतित है। खाद्य मंत्रालय ने कहा है कि वह शादियों में मेहमानों की संख्या के साथ ही परोसे जाने वाले व्यंजनों की संख्या सीमित करने पर विचार कर रहा है। इस बारे में विवाह समारोह अधिनियम, 2006 कानून भी बनाया गया है। हालांकि इस कानून का कड़ाई से कहीं भी पालन नहीं किया जाता है।

भारत में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है उसका एक तिहाई बर्बाद चला जाता है। बर्बाद जाने वाला भोजन इतना होता है कि उससे करोड़ो लोगों की खाने की जरूरत पूरी हो सकती है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में बढ़ती सम्पन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। खर्च करने की क्षमता के साथ ही खाना फेंकने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। विश्व खाद्य संगठन के अनुसार देश में हर साल पचास हजार करोड़ रुपए का भोजन बर्बाद चला जाता है। एक ऑकलन के मुताबिक बर्बाद होने वाले भोजन की धनराशि से पांच करोड़ बच्चों की जिदगी संवारीं जा सकती है। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य अपव्यय को रोके बिना खाद्य सुरक्षा सम्भव नहीं है। इस रिपोर्ट में वैश्विक खाद्य अपव्यय का अध्ययन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से करते हुए बताया है कि भोजन के अपव्यय से जल,जमीन और जलवायु के साथ साथ जैव-विविधता पर भी बेहद नकारात्मक असर पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक हमारी लापरवाही के कारण पैदा किए जाने वाले अनाज का एक तिहाई हिस्सा बर्बाद कर दिया जाता है। देश में एक तरफ करोड़ो लोग खाने को मोहताज है। वहीं लाखों टन खाना प्रतिदिन बर्बाद किया जा रहा है।

# अग्निपथ...अग्निपथ... अग्निपथ?

अग्निपथ योजना को भाजपा और मोदी सरकार सशस्त्र बलों की गेम-चेंजर और युवा शक्ति के जरिये सेना की ताकत बढ़ाने वाली बताती रही है, लेकिन इस योजना के दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर सवाल गाहे-बगाहे उठते रहे हैं। यद्यपि जून 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना फिलहाल गहन विभागीय जांच के अधीन है, लेकिन विशेषकर, विपक्ष को यह मुद्दा आम चुनाव के दौरान सर्वाधिक रास आया है।

जिन इलाकों से ज्यादा युवा सेना में आते रहे हैं उन इलाकों में कांग्रेस ने सरकार पर तीखे हमले इस योजना को लेकर किये हैं। इस योजना के अंतर्गत सिर्फ पच्चीस फीसदी अग्निवीरों की सेवाओं को बरकरार रखने का प्रावधान है। यही वजह है कि चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर सेवा से बाहर होने वाले अग्निवीरों का मुद्दा राजनीतिक हलकों में विवादास्पद रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस ने अपने आम चुनाव 2024 के घोषणापत्र में वायदा किया है कि वह सत्ता में आई तो इस योजना को खत्म कर देगी।और सेना, नौसेना व वायुसेना द्वारा अपनाई जाने वाली पुरानी भर्ती प्रक्रिया को पुनः लागू करेगी। जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह कहा था कि सरकार आवश्यकता पड़ने पर योजना में कोई भी बदलाव लाने को लिये तैयार है। इस बयान के कुछ सप्ताह बाद एक प्रमुख समाचार पत्र ने खबर दी है कि सेना भर्ती प्रक्रिया में अग्निवीर योजना के प्रभाव का आकलन करने के लिये एक आंतरिक सर्वेक्षण कर रही है।

इसमें अग्निवीरों, यूनिट कमांडरों और रेजिमेंटल केंद्रों के कर्मचारियों की राय मांगी जा रही है। फिर सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर सेना संभावित बदलावों के लिये अगली सरकार को सिफारिशें कर सकती है। केंद्र सरकार आश्वासन देती रही है कि अग्निवीरों के रूप में शामिल किये गए युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्हें सरकारी व निजी क्षेत्रों में समायोजित करने में वरीयता देने तथा स्वरोजगार के लिये प्रोत्साहित करने की भी बात होती रही है।

एक हकीकत यह भी है कि सरकार का ये वायदा 75 प्रतिशत रंगरूटों की नौकरी की संभावनाओं के बारे में आशंकाओं को दूर करने में विफल रहा है। कहा जा रहा है कि सेवा समाप्ति के बाद इन सेवानिवृत्त अग्निवीरों की रोजगार सुरक्षा दांव पर होगी। यही वजह है कि विपक्षी राजनीतिक दल, खासकर कांग्रेस इस नाराजगी का फायदा उठा रही है। कांग्रेस ने हरियाणा में इसे चुनावी मुद्दा बनाने की भरसक कोशिश की है। निस्संदेह, मौजूदा परिदृश्य में अग्निपथ की गहन समीक्षा आवश्यक है। सैनिकों की कार्यशील आयु कम कर एक सैन्य बल तैयार करने के मकसद को लेकर कोई किंतु-परंतु नहीं है।

इस योजना के दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश में व्यापक बेरोजगारी व अल्प रोजगार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निराश युवाओं के पुनर्वास के लिये सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में समायोजन के लिये दृढ़ प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

# अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता हैं

**ललित गर्ग**

अठाहरवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही अपने अंदर कई संदेशों को समेटे हुए हैं, भले ही भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हो, भले ही इंडिया गठबंधन एक चुनौती के रूप में खड़ा हुआ हो, फिर भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हुए नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये वे पहले दो कार्यकाल से अधिक शक्ति, संकल्प एवं जिजीविषा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का 24 साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 54 प्रतिशत मत और 46 सीटों के प्रचंड बहुमत के बल पर भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई है। वहीं, गुजरात, छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की राजनीति में अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता है। वे अब भी अपने चौंकाने वाले एवं आश्चर्य में डालने वाले विलक्षण एवं अनूठे फैसलों से राष्ट्र को विकास की नई उड़ान देते रहेंगे। भाजपा को कम सीटें मिले कारणों की समीक्षा एवं मंथन करते हुए अपनी हार के कारणों को सहजता एवं उदारता से स्वीकारना चाहिए एवं जिन गलतियों के कारण कम सीटें मिली, उन्हें दूर करना चाहिए। इस बार के चुनाव को नियोजित एवं प्रभावी तरीके से सम्पन्न करने में चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय रही। भले ही इंडिया गठबंधन ने ई.वी.एम. और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर देश एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कलंकित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम ने न केवल इस प्रकार के भ्रामक, गुमराह करने वाली बातों एवं मिथकों को तोड़ दिया, बल्कि इसने भारत के जीवंत, बहुलतावादी, पंथनिरपेक्षी और स्वस्थ लोकतांत्रिक छवि को पुनर्स्थापित किया है।



प्रधानमंत्री मोदी का अंधविरोध करने वाला वाम-जिहादी-सम्प्रदायवादी राजनीतिक समूह अपने इस वाहियात प्रलाप एवं राष्ट्र-विरोधी षड़यंत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिये चुनाव परिणाम अनेक अर्थों में संतोषजनक रहे हैं। कांग्रेस के लिये यह चुनाव नये जीवन का वाहक बना हैं। वैसे भी एक आदर्श लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष का होना जरूरी है, यही लोकतंत्र को खूबसूरती देता है। भारतीय मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन को विपक्षी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने का संदेश दिया है।

इस बार के चुनाव परिणाम अनेक राजनीतिक दलों के सामने भी अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। कौन जेल में रहेगा, इसका फैसला अदालतें करती हैं। परंतु दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चुनाव को अपने जेल के अंदर रहने या बाहर रहने का अधिकार मतदाताओं को सौंपा था, जिसका नतीजा यह रहा कि उनके शासित वाले दिल्ली में 'आप' का खाता तक नहीं खुला, तो वहीं उनकी पार्टी पंजाब में विधानसभा चुनाव-2022 का चमत्कार दोहराने में विफल हो गई और 13 में से केवल 3 सीटें ही जीत पाई। शरद पवार का राजनीतिक वारिस कौन और असली शिवसेना किसकी? क्या माया और ममता अब भी ताकतवर हैं? यह चुनाव ऐसे ही कई सवालों के साथ शुरू हुआ था। इनमें से कुछ के जवाब मिल गए हैं और कुछ के बाकी हैं। जिस तरह के नतीजे आए हैं, उससे यह संदेह भी पैदा हुआ है कि क्या देश में आर्थिक सुधार जारी रहेंगे? क्या देश विकास के पथ पर अग्रसर होता रहेगा? नीतिगत स्थिरता का क्या होगा? शायद इसी संदेह की वजह से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। लेकिन नरेन्द्र मोदी के पहले भाजपा मुख्यालय में दिये उद्बोधन एवं गठबंधन दलों के साथ हुई बैठक में इन सवालों के जवाब काफी हद तक मिल गये, जिससे शेयर बाजार ने भी तेजी पकड़ी है एवं भाजपा एवं सहयोगी दलों के कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है।

देश एक बार फिर गठबंधन सरकारों के युग में प्रवेश कर रहा है। अब यह एक हकीकत है कि मौजूदा जनादेश के मद्देनजर गठबंधन सरकार बनाना भाजपा की मजबूरी हो गई है। निश्चित रूप से पूर्ण बहुमत के साथ सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने और अल्पमत में सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने में बड़ा फर्क है। सवाल उठाया जा रहा है कि पूर्ण बहुमत वाले दो कार्यकालों में देशहित के बड़े फैसले लेने वाली भाजपा क्या गठबंधन के सहयोगियों के दबाव के बीच शासन करने में खुद को सहज महसूस कर सकेगी? लेकिन मोदी के नेतृत्व में सरकार मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी और अपने संकल्पों एवं योजनाओं को आकार देगी, इसमें कोई संदेह नजर नहीं आती। देश में केंद्रीय स्तर 2009 के बाद पहली बार गठबंधन सरकार बनने जा रही है। अतीत में नरसिंह राव और अटल बिहारी वाजपेयी ने गठबंधन सरकारों का कुशलता से संचालन भी किया है और आवश्यक सुधारों को भी आगे बढ़ाया है। मनमोहन सिंह ने भी दस वर्ष तक गठबंधन सरकार का संचालन किया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उन्हें किस तरह कई बार सहयोगी दलों के अनुचित दबाव में झुकना पड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी भी गठबंधन सरकार की चुनौतियों से जूझते रहे। लेकिन मोदी की स्थितियां भिन्न है, वे राजनीति के धुंरधर खिलाड़ी है, अमित शाह राजनीतिक जोड़ तोड़ के खिलाड़ी है, इसे देखते हुए भाजपा और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सफलतापूर्वक अपना काम कर सकेगी, ऐसा विश्वास है। न केवल सरकार बल्कि भाजपा के बड़े मुद्दों का भी क्रियान्वयन होगा। जब-जब भाजपा के सामने अनुचित राजनीतिक दबाव की स्थितियां बनेगी, सरकार कोई सार्थक रास्ता निकाल लेगी।

वैसे भी भाजपा बहुमत के आंकड़े से ज्यादा दूर नहीं है, इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि तेलुगु देसम पार्टी, जनता दल-यू, शिवसेना समेत अन्य सहयोगी दलों के साथ उसके लिए सरकार चलाना कहीं अधिक आसान होगा। इसके बाद भी इतना तो है ही कि प्रधानमंत्री मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का संचालन करेंगे। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के तहत कार्य करने के कारण वह ऐसी सरकार के संचालन के तौर-तरीकों से अवगत हैं, लेकिन स्वयं उनके लिए ऐसी सरकार चलाना एक नया अनुभव होगा। लेकिन वे भाजपा संगठन में अनेक पदों पर रहते हुए संगठन की गतिविधियों के कुशल संचालन से भिज्ञ है। देश-विदेश के दबावों को झेलते हुए उन्होंने भारत को एक शक्ति के रूप में खड़ा किया है, दुनिया जब आर्थिक संकट झेल रही है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, निश्चित ही गठबंधन सरकार का उनका संचालन उनकी नेतृत्व क्षमता और सबको साथ लेकर चलने के राजनीतिक कौशल को एक नया आयाम देगी। उनके पास चुनौतियों के बीच देश की समस्याओं का समाधान करने की एक राजनीतिक दृष्टि एवं कौशल है। गठबंधन सरकारों के कुछ सकारात्मक पक्ष होते हैं तो कुछ नकारात्मक पक्ष भी। गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने वाले को घटक दलों से समन्वय के साथ चलना होता है। इसमें समस्या तब आती है, जब घटक दल अनुचित मांगें मनवाने लगते हैं अथवा सौदेबाजी करने की कोशिश करते हैं या फिर अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति के लिए दबाव की राजनीति करने लगते हैं। इन स्थितियों की निबटने के लिये मोदी सरकार पहले ही अन्य निर्दलयी सांसदों एवं अन्य राजनीतिक दलों को अपने साथ जोड़ने का उपक्रम कर रही है। सहयोगी दल अनुचित मांग एवं दबाव की बजाय अपने राज्य के राजनीतिक एवं आर्थिक हितों की चिंता करें, लेकिन ऐसा करते समय उन्हें राष्ट्रीय हितों को ओझल नहीं करना चाहिए। यह उन्हें भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गठबंधन सरकार सुगम तरीके से चले।

निश्चित ही मोदी सरकार के सामने चुनौतीपूर्ण स्थितियां हैं, जिस तरह महाभारत युद्ध में पांडवों के सामने जटिल स्थितियां थी। आज द्रोण नहीं तुष्टिकरण है, कृपाचार्य नहीं भ्रष्टाचार है, अश्वत्थामा नहीं आतंकवाद है, दुर्योधन नहीं महत्वाकांक्षा एवं अनैतिकता है, शकुनि नहीं आंतरिक और वैश्विक षड्यंत्र है, राष्ट्रवाद नहीं समस्त प्रकार की विघटनकारी शक्तियां-भाषावाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, सम्प्रदायवाद, स्वार्थवाद आदि हैं और कर्ण नहीं कट्टरवाद है। साथ में महंगाई, बेरोजगारी, असंतोष आदि की अत्यंत जटिल समस्याएं भी हैं और अब भारत इनमें फंसा हुआ है। फिर भी नरेन्द्र मोदी रूपी उजाला अपनी नई पारी में अधिक सशक्त होकर भारत के इन सभी चक्रव्यूह को भेदेगा। अपने राजनीतिक जीवन की सबसे सफलतम पारी खेलते हुए वह एक बार फिर नकारात्मक एवं अराष्ट्रवादी शक्तियों को उनकी जमीन दिखायेंगा। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

# जनता का डंका बज गया

**- सर्वमित्रा सुरजन**

भाजपा के अलावा दूसरे दलों के भी उन तमाम अहंकारी नेताओं को जवाब मिल गया है, जिन्होंने खुद को जनतंत्र से ऊपर समझने की गलती की। अपनी कमजोरियों को सहजता से स्वीकार नहीं किया और न ही सही सलाह देने वालों को सुनने की समझदारी दिखाई। इंडिया गठबंधन में भी कई नेता ऐसे ही अतिआत्मविश्वास और घमंड का शिकार रहे।

नरेन्द्र मोदी का हमेशा दावा रहा है कि दुनिया में उनका डंका बजता है। लेकिन 4 जून को जब 18वीं लोकसभा के नतीजे आए तो नरेन्द्र मोदी देश तक में अपने नाम का डंका नहीं बजवा पाए। जबकि भाजपा ने पूरा चुनाव मोदी नाम के इर्द-गिर्द ही लड़ा। वाराणसी में ले-देकर नरेन्द्र मोदी अपनी सीट बचा पाए। दो बार का प्रधानमंत्री होने के बावजूद वे आसान जीत नहीं दर्ज कर पाए, ना ही बड़े अंतर से सीट जीती।

महज डेढ़ लाख वोट का अंतर हार और जीत का रहा। उनसे अधिक वोट राहुल गांधी रायबरेली में ले आए, जबकि स्मृति ईरानी और नरेन्द्र मोदी राहुल गांधी को वायनाड और रायबरेली दोनों से भगाने का दावा करते रहे। खैर, नरेन्द्र मोदी ने राहुल गांधी ही नहीं भारतीय जनता को समझने में भी भूल की। उन्हें लगा होगा कि वे एक तरफ निम्न स्तर के भाषणों से विपक्ष पर प्रहार करते रहेंगे और दूसरी तरफ विभिन्न वेषभूषाओं में पूजा-पाठ करते दिखेंगे तो जनता इससे प्रभावित होगी। यहीं वे चूक कर गए, क्योंकि इस देश की आम जनता के पास वो पैनी नजर है जिससे वो असलियत और दिखावे का फर्क कर लेती है। पांच किलो अनाज लेने के लिए लाइनों में खड़े 85 करोड़ लोगों की जेबें बेशक खाली रहीं, लेकिन सामान्य समझ भरी-पूरी रही। जिससे वे समझ गए कि उन्हें इस तरह लाइनों में खड़ा करने का जिम्मेदार कौन है।

क्यों उनके जवान बच्चे काम पर नहीं जाते, लेकिन धार्मिक जुलूसों या कांवड़ यात्रा का हिस्सा बनते हैं और बाकी खाली वक्त में बेरोजगारी की कुंठा और तनाव से गुजरते हैं। जो सरकार हजारों करोड़ का भव्य मंदिर बनवा सकती है, जो बिना जरूरत के सेंट्रल विस्टा का निर्माण करती है, वो रोजगार देने वाले उद्यमों को खड़ा क्यों नहीं करती। जय जवान और जय किसान वाले इस देश में जवानों और किसानों की दुर्दशा किन कारणों से हुई, ऐसे कई सवालों का जवाब जनता ने बीते वर्षों में खुद से तलाश कर लिया था। इसलिए इस बार उसने ऐसा जनादेश दिया कि फिर कोई नेता यह बड़बोलापन न कर सके कि एक अकेला सब पर भारी है। लोकतंत्र में एक अकेले के लिए न कभी कोई जगह थी, न रहेगी, ये बड़ा संदेश इन चुनावों में जनता ने दे दिया।

पाठकों को भाजपा का घोषणापत्र याद होगा ही, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से कहीं ज्यादा तस्वीरें नरेन्द्र मोदी की थीं और जनता से किए वादों को मोदी की गारंटी के नाम से ही पेश किया गया। चुनावों में सबसे अधिक प्रचार भी नरेन्द्र मोदी ने ही किया। कई महीनों से वे दिल्ली में अपने प्रधानमंत्री कार्यालय में कम और चुनाव क्षेत्रों में ज्यादा नजर आए। 15 अगस्त 2023 को लालकिले की प्राचीर से उन्होंने ऐलान कर दिया था कि तीसरी बार भी मैं ही झंडा फहराने आऊंगा। यह सीधे-सीधे भारतीय जनता के विवेक और लोकतांत्रिक अधिकारों को चुनौती थी कि तुम्हारी मर्जी अब मायने नहीं रखती, केवल मेरे मन की बात का महत्व है। इसके बाद 5 फरवरी 2024 को संसद में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान कर दिया कि एनडीए को 4 सौ के ऊपर और अकेले भाजपा को 370 सीटें मिलेंगी। यह दावा देश के मिजाज भांपने के दम पर किया गया था।

# लौट रहा है गठबन्धन सरकारों का दौर

10 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी और नरेन्द्र मोदी का एकछत्र शासन, खासकर 2019 से 2024 तक देखने के बाद लगता है कि देश में फिर से गठबन्धन सरकारों के दिन लौट रहे हैं। मोदी के शासन करने के तरीके ने यह सबक देशवासियों को दिया है कि गठबन्धनों से परहेज करना ठीक नहीं है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिये यह व्यवस्था, वह भी वर्तमान परिस्थितियों में सम्भवतः एक दल के पूर्ण बहुमत वाली सरकार से बेहतर हो सकती है। 18वीं लोकसभा के लिये हुए चुनावों के जो परिणाम आये हैं, उसके बाद यह तो साफ है कि अगली सरकार जो भी बनेगी वह गठबन्धन की होगी। ऐसी सरकारों के बारे में कायम पूर्वाग्रहों और कुछ पैमाने में उनका भारत में जो भी इतिहास रहा हो, अगर वह सब दरकिनार कर दिया जाये तो देशवासियों के हित में यह बुरा सौदा नहीं हो सकता।

2014 में मोदी की अगुवाई में डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में दो कार्यकाल पूरे कर चुकी जिस यूपीए सरकार को हटाया गया था, वह भी एक गठजोड़ ही था। ऐसा गठजोड़ जिसने अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व में चल रही नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस की सरकार को हटाया था। एकछत्र राज करने की चाहत में मोदी ने जहां एक ओर अपने विपक्षी दलों को साफ करने की कोशिश की, तो वहीं अपने सहयोगी दलों को भी समाप्त कर दिया। कुछ दलों को तो तोड़ ही दिया। भाजपा की अति महत्वाकांक्षा और मोदी की एकाधिकार की प्रवृत्ति ने एक सामंजस्यपूर्ण कार्य प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। पहली बार (2014-19) तो उन्होंने सहयोगी दलों के सदस्यों का थोड़ा बहुत सम्मान किया और उन्हें सत्ता में भागीदारी दी परन्तु दूसरे कार्यकाल में जब उन्हें अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिल गया तो उन्होंने उन दलों को न केवल दरकिनार किया वरन उनकी जमीनें हथियाने की भी कोशिश की। महाराष्ट्र में शिवसेना को दो-फाड़ किया और उसकी सरकार गिरा दी। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल से उनकी पटरी नहीं बैठी। 1977 में पहली बार भारत ने जनता पार्टी की गठबन्धन सरकार देखी थी। मोरारजी देसाई उसके प्रधानमंत्री बने थे। यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। मध्यावधि चुनाव हुए और 1980 में इंदिरा गांधी सत्ता में लौटीं। इसके पहले कुछ समय के लिये कांग्रेस के समर्थन से चौधरी चरण सिंह की सरकार भी बनी लेकिन वह लम्बा चलने में असफल रही थी।



इसके कारण गठबन्धन सरकारों को लेकर लोगों के मन में आशंका बैठ गयी। मान लिया गया कि ऐसी सरकारें टिकाऊ नहीं होतीं।

हालांकि इसकी दूसरी वजहें थीं, पर विरोधी दलों के लिये यह जुमला चल पड़ा कि 'डिवाइडेड दे स्टैंड, यूनाइटेड दे फॉल (विभाजित रहते वे मजबूत होते हैं, इकट्ठे धराशायी)। 1989 में एक और अवसर आया जब 400 पार वाली परन्तु बोफोर्स के कारण बदनाम हुई राजीव गांधी की मजबूत सरकार को उसी में वित्त मंत्री व रक्षा मंत्री रहे वीपी सिंह के नवगठित जनता दल ने परास्त किया था। हालांकि उस चुनाव में सर्वाधिक सीटें कांग्रेस को ही आई थीं लेकिन 1984 के मुकाबले काफी कम थीं। इसे राजीव ने अपनी नैतिक पराजय माना था और सरकार बनाने से इंकार कर दिया था।

वी पी सिंह आगे बढ़े थे। उन्हें भाजपा के साथ कुछ प्रगतिशील दलों ने समर्थन दिया था। मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने के चलते भाजपा द्वारा समर्थन खींच लेने से यह सरकार भी गिर गयी तथा कुछ समय के लिये चंद्रशेखर पीएम बने। वह कांग्रेस के समर्थन से चले पर राजीव के बंगले की हरियाणा पुलिस के दो कांस्टेबलों द्वारा जासूसी कराये जाने के आरोप में कांग्रेस ने समर्थन वापस ले लिया था। इंद्रकुमार गुजराल एवं एच डी देवेगौड़ा जैसों द्वारा भी गठबन्धन सरकारें चलाने का इतिहास इसी देश का है। पहली बार वाजपेयी सरकार ने 1999 से 2004 तक का कार्यकाल पूरा किया था जो कि मिली-जुली सरकार थी। हालांकि इसके पहले वे एक बार 13 दिन और दूसरी बार 13 माह की गठबन्धन सरकारें चला चुके थे। इसकी मुख्य विशेषता यह थी कि सरकार उनकी दो बार गिरी लेकिन गठबन्धन अटूट रहा। सहयोगी दल साथ बने रहे। इसने यह लोकतांत्रिक प्रशिक्षण दिया कि पराजय में बिखरना नहीं है और मिलकर सरकार बनाने के प्रयास करते रहने हैं। वाजपेयी भी वैसे ही कट्टर हिन्दू और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उतने ही समर्पित कार्यकर्ता थे जितने कि नरेन्द्र मोदी। जब तक वे सरकार चलाते रहे उन्होंने अपनी विचारधारा को एक किनारे रख दिया था। उन्होंने अपने साथ जॉर्ज फर्नांडीज, नीतीश कुमार, शरद यादव जैसे समाजवादियों को भी रखा, पाकिस्तान की यात्रा की और जिस गोधरा कांड में बड़ी संख्या में मुस्लिम मारे गये व बलात्कार हुए थे, उसके होने पर इन्हीं मोदी को राजधर्म का पालन करने की सरेआम नसीहत भी दी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी यह मिथक टूटा कि गठबन्धन सरकारें काम नहीं करतीं। ग्रामीण गरीबी दूर करने के लिये मनरेगा, भोजन का अधिकार, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार जैसे नायाब कार्यक्रम इसी गठबन्धन सरकार की सौगातें हैं। सो, ऐसे वक्त में जब पूर्ण बहुमत के अभाव में कोई भी अपने दम पर सरकार नहीं बना सकता, साफ है कि सत्ता मिल-जुलकर ही चलाई जा सकती है। वैसे भी लोकतंत्र का मतलब है मिलकर काम करना। मोदी को सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम करने की आदत नहीं। उन्हें गठबन्धन की संस्कृति सीखनी आवश्यक तो है, लेकिन वाजपेयी और मनमोहन सिंह सदृश्य लचीलेपन व उदारता के अभाव में उनके हाथों में पड़कर ऐसी सरकार वाकई में अस्थिर हो सकती है।

# सावित्री ने वटवृक्ष की पूजा कर पति के बचाये थे प्राण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या पर वट सावित्री पूजन कर स्त्रियों ने सौभाग्य की कामना की। स्कंद पुराण व भविष्योत्तर पुराण अनुसार मद्रदेश के राजा अश्वपति ने अपनी पुत्री सावित्री को स्वयं वर चुनने को कहा तो सावित्री ने राजा द्युमत्सेन पुत्र सत्यवान को चुना। नारद के अनुसार उसकी मृत्यु एक वर्ष में होना बताया।

ये जानकर भी सावित्री ने फैसला नहीं बदला। एक वर्ष बाद जब यमराज सत्यवान के प्राण लेकर जाने लगे तो सावित्री भी साथ जाने लगी। सावित्री की सत्यता व पतिव्रता से प्रभावित होकर यमराज ने सत्यवान को जीवन दान दिया। माता-पिता की आखे व पुनः राजा बनने का वरदान दिया। ये भी वरदान दिया कि जो आज के दिन वटवृक्ष की पूजा करेगी, उनको अटल सौभाग्य मिलेगा। संध्या व पूजा के बारे में बताया। भारतीय संस्कृति में पेड-पौधों को धर्म से जोडकर पर्यावरण संरक्षण का समायोजन किया। वटवृक्ष गर्मी में शीतलता देता है, प्राणवायु भी देता है। बरगदी अमावस्या पर महिलाओं ने बरगद की परिक्रमा लगाकर विधि-विधान से पूजापाठ कर पति व पुत्र की दीर्घायु को कामना की। ज्येष्ठ मास अमावस्या में बरगद की पूजा की परम्परा कई वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष बरगदी अमावस्या पर बरगद के पेड की पूजा कर महिलाओं ने 108 परिक्रमा लगाई।



बरगढ पेड की पूजा करती महिलायें।

## विकास कार्यों के नाम पर गांवों में हो रही लूट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले के रामनगर, मऊ व मानिकपुर ब्लाक की ज्यादातर ग्राम पंचायतें विकास के नाम पर लूट का अड्डा बनी हैं। गुरुवार को ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर लूट का खुलासा हुआ है। बताया गया कि कर्वी ब्लाक व पहाड़ी ब्लाक के गांव भी लूट से अछूते नही हैं। डीपीआरओ व उपायुक्त श्रम एवं रोजगार विकास कार्यों में लूट की जांच कब करेंगे। जिलाधिकारी व सीडीओ को इस बाबत कदम उठाने पडेंगे। वरिष्ठ पत्रकार/सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह राणा ने सूबे के मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव समेत निदेशक पंचायती राज को लिखे पत्र में कहा कि विकास कार्यों के नाम पर धांधली कर अवैध धन अर्जित करने वाले प्रधानों व सचिवों की जांच की जाये। रसूखदार व मठाधीश प्रधानों के गांवों में जल्द जांच बैठ सकती है। भ्रष्टाचार में लिप्त जिम्मेदार अधिकारियों पर भी शिकंजा कस सकता है।

# पत्रकार समाज कल्याण समिति ने खोला निःशुल्क प्याऊ

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल सुलभ कराने को पत्रकार समाज कल्याण समिति ने महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की नगरी राजापुर में तीन स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ खोला। ये प्याऊ राहगीरों का गला तर कर रहा है। पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने कहा कि भीषण गर्मी में तहसील व कोतवाली आने-जाने वाले राहगीरों को प्यासे देखकर सदस्यों की सहमति से निःशुल्क प्याऊ खोलने का निर्णय लिया। राहगीरों को मिट्टी के घड़े का ठंडा पानी बतासे के साथ पिलाया जा रहा है। राजापुर के अलग-अलग तीन स्थानों पर प्याऊ चलाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजापुर कोतवाली परिसर में शीतल जल को प्याऊ खोला गया है। दूसरा प्याऊ कौशाम्बी रोड़ स्थित पेट्रोल पम्प पर है। ये प्याऊ गर्मी में चलते रहेंगे। थानाध्यक्ष राजापुर मनोज सिंह ने लस्सी पिलाकर प्याऊ का शुभारम्भ किया। इस मौके पर कोतवाली राजापुर के सभी सिपाही व पत्रकार समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी गणेश शुक्ला, हरी नारायण पाण्डेय, महेश कुमार द्विवेदी, हरवंश द्विवेदी, मुकेश तिवारी, अश्विनी तिवारी, घनश्याम द्विवेदी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।




प्याऊ का शुभारम्भ करते पत्रकार।

# पूर्व सांसद भैरों मिश्रा ने भाजपा की पराजय के बताये कारण

## प्रत्याशी चयन व कार्यकर्ताओं की उपेक्षा से हुई पराजय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट-बांदा लोकसभा में भाजपा की पराजय का ठीकरा पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बताई है। प्रत्याशी चयन को लेकर भी सवाल उठाये हैं।

पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने गुरुवार को कहा कि योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारा। निजी स्वार्थ के चलते कार्यकर्ताओं की उपेक्षा से भाजपा की पराजय हुई है। ब्राह्मण वर्ग समेत हर वर्ग के लोग टिकट चयन से खुश नहीं थे। चुनाव की डुगडुगी बजने के दिन से ही विरोध शुरू हो गया था। बुंदेलखंड में भाजपा प्रत्याशी की पराजय के अलग-अलग कारण हैं। भाजपा प्रत्याशी को जो वोट मिले हैं, वह भाजपा के हैं। ब्राह्मण बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट को अपना मानता है। प्रत्याशी की कार्यशैली से हार हुई है, क्योंकि कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं मिली। लोकसभा सीट में सर्वाधिक ब्राह्मण व अनुसूचित जाति के मतदाता है। इसी आधार पर टिकट का बंटवारा होता आया है। दो बार से ब्राह्मणों की उपेक्षा हुई है, ये वर्ग पूरी तरह विरोध में था।



पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र।

# दिग्गज भाजपाई नहीं बचा सके अपने बूथ

## बीजेपी प्रत्याशी बोले- उनके साथ हुआ खुला घात

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को पराजय का मुंह देखना पड़ा है। उन्हें सपा प्रत्याशी कृष्णा पटेल ने 71197 मतों से पराजित किया। सपा प्रत्याशी कृष्णा सिंह पटेल 460567 मत मिले। दस साल बाद सांसद की कुर्सी बीजेपी के पास से सपा के पास चली गई। पराजय बाद बीजेपी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने अपना दर्द कुछ यूं बयां किया- हमे अपनों ने लूटा गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती वहां डूबी जहां पानी कम था।

गुरुवार को भाजपा पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने भितरघात नहीं, खुला घात किया है। बड़े नेताओं ने जमकर विरोध किया है। ये कोई पहला चुनाव नहीं है। वे दस बार चुनाव लड़ चुके हैं, पांच बार हारे हैं। ये जनता का फैसला है, जनता जिसे चाहेगी उसे चुनेगी। चित्रकूट में जैसे-जैसे मतगणना के बाद तस्वीर साफ हो रही थी, आंकड़े चैंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे थे। भाजपा के जिले के कई दिग्गज बूथ तक नहीं बचा सके। जाहिर है जब समीक्षा होगी, तो कई लोगों पर गाज गिरेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी के बूथ में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। रमयापुर बूथ 240 में सपा प्रत्याशी के पक्ष में 36 व बसपा प्रत्याशी के पक्ष में 167 मत मिले। यहां भाजपा को 165 मतों से संतोष करना पड़ा।

यही बूथ संख्या 241 में बसपा को 192, सपा को 113 मत मिले। भाजपा प्रत्याशी यहां तीसरे नंबर पर रहे, उन्हें 111 मत मिले। यही हाल पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय के बूथों का रहा। रसिन बूथ 317 में बसपा को 247, सपा को 179 व भाजपा को 144 मत मिले। यहां भी भाजपा तीसरे नंबर पर रही। चैंकाने वाली बात ये है कि रसिन के ही बूथ 316, जो भाजपा नेता राजीव त्रिपाठी का था। यहां भाजपा को सबसे ज्यादा मत 165 व बसपा को 155 तथा सपा को 59 मत मिले। निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे के बूथ का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। कर्वी के बूथ 413 में भाजपा 245, सपा 167 व बसपा 59 मत मिले। कह सकते हैं कि कर्वी शहर का पुरानी बाजार मोहल्ला भाजपा का गढ़ माना जाता है। भाजपा में कई नेताओं में बेचैनी है। जैसे-जैसे बूथवार मतों की जानकारी हो रही है, वैसे-वैसे आलाकमान की नजरें तिरछी होती जा रही हैं। इसे लेकर दिग्गज भाजपाई की धडकनें बढ रही हैं।



पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल।



मेला क्षेत्र में भ्रमण करते पुलिस अधीक्षक।

# एसपी ने रात में मेला क्षेत्र में जांची ड्यूटी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बीती रात पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने ज्येष्ठ माह अमावस्या मेला का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को पैनी नजर से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। बुधवार की रात पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र पहुंचकर पुलिस कर्मियों के ड्यूटी की जांच की। सभी को पैनी नजर से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। सभी से कहा कि श्रद्धालुओं से विनम्रता से बर्ताव करें। इस दौरान सीओ सिटी राजकमल, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल व अधिकारी/कर्मचारीग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं ने कामतानाथ में लगाई परिक्रमा

## महिलाओं ने की बरगद की पूजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** ज्येष्ठ माह की बरगदी अमावस्या पर भीषण गर्मी के बाद भी लाखों श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाकर भगवान कामतानाथ के दर्शन कर परिक्रमा की। मेले की व्यवस्था को यूपी-एमपी के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे।

गुरुवार को बरगदी अमावस्या पर श्रद्धालुओं का तांता सवेरे से रामघाट में उमड पडा। लाखों श्रद्धालुओं ने एक साथ डुबकी लगाकर कामतानाथ के दर्शन कर परिक्रमा लगाकर धर्मनगरी के जानकीकुण्ड, अनुसुइया आश्रम, हनुमानधारा, भरतकूप आदि के दर्शन किये। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मेला स्थल व अन्य स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। खासतौर पर किसी भी स्थान पर पेयजल की कमी न होने के निर्देश दिये।सूर्य की तपिश इस कदर रही कि धूप में निकलने की किसी की हिम्मत नहीं पड रही थी। श्रद्धालुओं को परेशानी तो हुई, लेकिन जैसे-जैसे सूर्यदेव का तापमान बढा तो गर्मी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। रामघाट में श्रद्धालुओं की तादाद में कमी आने लगी। अमावस्या मेला में फिर से जाम के झाम से श्रद्धालुओं को परेशानी हुई। सबसे अधिक कर्वी-राजापुर मार्ग में समस्या का सामना करना पडा।



अमावस्या मेला में मन्दाकिनी में स्नान करते श्रद्धालु।

## 18 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी नीष कुमार की अगुवाई में दरोगा यूटी अर्पित मिश्रा ने छोटू मवासी पुत्र राम किशन खोखला रामनगर जिला सतना मप्र को 18 क्वार्टर शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा यूटी अर्पित मिश्रा, सिपाही सूर्यकान्त व कैलाश शामिल रहे।

## हत्या प्रयास में आरोपी चाकू समेत दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों में अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा कृपानन्दन शर्मा ने हत्या के प्रयास में नामजद रज्जन पासी पुत्र ललुआ सुरौंधा को घटना में प्रयुक्त चाकू समेत गिरफ्तार किया। मामले में धारायें बढाई। टीम में दरोगा कृपानंदन शर्मा व सिपाही प्रवीण कुमार पांडेय शामिल रहे।

## जा सकती है भाजपा जिलाध्यक्ष की कुर्सी?

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा प्रत्याशियों की पराजय को लेकर भाजपा शीर्ष नेतृत्व खासा गम्भीर है। जिन जिलों में भाजपा प्रत्याशी की पराजय हुई है, उसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने समीक्षा शुरू कर दी है। उन्हें समीक्षा रिपोर्ट लेकर दिल्ली बुलाया गया है। लोकसभा चुनाव में जिन जिलों में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, उन जिलों की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी ने समीक्षा की है। संकेत दिये हैं कि जिन जिलों में भाजपा कम अंतर से पराजित हुई है, उन जिलों के जिलाध्यक्षों पर गाज गिर सकती है। उन जिलों में सुल्तानपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर आदि हैं। ऐसे जिलों के जिलाध्यक्ष हटाये जा सकते हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन न होने को लेकर जिलाध्यक्षों पर जिम्मेदारी थोपी है। चित्रकूट जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी व सुल्तानपुर से राम आशीष वर्मा समेत कई जिलों के जिलाध्यक्षों पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजरें टेढी हो गई हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के भी हटाये जाने के संकेत मिल रहे हैं। भाजपा खराब प्रदर्शन वाले जिलों की समीक्षा में जुटी है। इस बारे में तेजी से मंथन चल रहा है।

## पुलिस ने दबोचा वारंटी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्य ने विद्युत अधिनियम के वारंटी महेश उर्फ टिल्लू पुत्र रामखेलावन उर्फ खिलौना चैगलिया सीतापुर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य, सिपाही अतुल परिहार शामिल रहे।

## पूर्व सांसद को हाईकोर्ट ने दी राहत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दस्यु ददुआ के भाई/पूर्व सांसद बालकुमार पटेल को धोखाधड़ी के मामले में राहत दी है। धोखाधडी आरोप के दर्ज मामले को रद्द किया है। ज्ञात है कि बांदा कोतवाली में पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल पर बांदा जिले के मसुरी गांव के रमाकान्त त्रिपाठी ने धोखाधडी का मामला दर्ज कराया था। ठेकेदार रामाकांत त्रिपाठी की दर्ज रिपोर्ट में समझौता होने पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने मामले को रद्द करने के आदेश दिये।

# कर्वी पुलिस ने मेले में श्रद्धालुओं को बांटे केला-शर्बत



श्रद्धालुओं को केला बांटती पुलिस।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** ज्येष्ठ माह की अमावस्या मेले में आये श्रद्धालुओं को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल के सहयोग से कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा श्यामदेव सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ भीषण गर्मी में केला बांटे।

गुरुवार को ज्येष्ठ माह की अमावस्या मेला में आये श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत देने को शर्बत की व्यवस्था की। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच केला भी बांटे गये। पुलिस के इस रवैये को देखकर श्रद्धालुओं ने ताज्जुब जताते हुए सराहना भी की। श्रद्धालुओं ने कहा कि पुलिस लोगों को अब सताती नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं की मदद को आगे आती है। पुलिस का ये रवैया कुछ लोगों के लिए चैंकाने वाला रहा।

# प्रेमी से साजिश कर पति की कातिल पत्नी की जमानत खारिज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** प्रेमी से मिलकर पति की हत्या के मामले में हत्यारोपी पत्नी समेत दो लोगों की जमानत प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने खारिज कर दी है।

गुरुवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि 18 फरवरी 2024 को भरतकूप थाने में रसिन गांव के फाटापुरवा के रामशरण ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बेटे रामबाबू की अज्ञात ने गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने जांच में खुलासा किया कि मृतक की पत्नी सविता के अवैध सम्बन्ध इलियास से थे। इलियास व सविता की फोटो फेसबुक पर पोस्ट हो गयी थी। इसे लेकर 5-6 माह पहले सविता के पति रामबाबू व प्रेमी इलियास के बीच विवाद हुआ था। रामबाबू ने सविता पर पाबंदी लगा दी थी। इलियास ने दोस्त ललित किशोर, भाई बरकत अली व सविता के साथ मिलकर रामबाबू को 17 फरवरी को सविता ने मायके से फोन से इलियास को बताया कि पति आज घर में अकेले हैं। ललित किशोर से तमंचा लेकर फैजल के साथ इलियास घर के बरामदे में सो रहे रामबाबू को गोली मार दी, पीछे से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में मृतका की पत्नी सविता पटेल व प्रेमी इलियास, बरकत अली व ललित किशोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों ने अधिवक्ता ने जमानत पत्र पेश किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## एलआईयू संयुक्त टीम ने की जांच

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय की अगुवाई में बांदा व प्रयागराज की एस चेक टीम व डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने ज्येष्ठ माह अमावस्या मेला में सुरक्षा के मद्देनजर मेला क्षेत्र में जांच की।

गुरुवार को संयुक्त टीम ने मेला में भारी भीड को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से रामघाट आरती स्थल, निर्मोही अखाड़ा, परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर जांच की। जांच दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिले। ये जांच ऐहतियातन की गई है।

# बर्ड फ्लू से पहले इंसान की मौत, Who ने की पुष्टि, जानें लक्षण

**जिनेवा (स्विट्जरलैंड):** विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) ने बर्ड फ्लू के मामले में चिंताजनक बढ़ोतरी होने के बाद इससे होने वाली पहली इंसानी मौत की पुष्टि की है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बुधवार को कहा कि मेक्सिको में एक व्यक्ति की मौत ल5ठ2 नामक बर्ड फ्लू के एक प्रकार के कारण हुई थी, जो पहले कभी किसी इंसान में नहीं पाया गया था.



हालांकि, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने यह नहीं बताया कि वह व्यक्ति कैसे संक्रमित हुआ. 59 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु मेक्सिको सिटी के एक अस्पताल में हुई. 17 अप्रैल को बुखार, सांस लेने में तकलीफ और दस्त होने से पहले वह असंबंधित कारणों से बिस्तर पर था और उसे क्रोनिक किडनी फेलियर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी कई बीमारियां भी थीं. 24 अप्रैल को अस्पताल में इलाज कराया गया और उसी दिन उस व्यक्ति की मौत हो गई. H5N2 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस का एक उपप्रकार है जो मुख्य रूप से पक्षियों, विशेष रूप से पोल्ट्री को प्रभावित करता है. यह एवियन प्रजातियों में अत्यधिक संक्रामक है, जिससे संक्रमित झुंडों में गंभीर श्वसन संबंधी बीमारी और उच्च मृत्यु दर होती है. जबकि ल5ठ2 कभी-कभी मनुष्यों को संक्रमित कर सकता है, ऐसे मामले दुर्लभ हैं और आमतौर पर संक्रमित पक्षियों या दूषित वातावरण के सीधे संपर्क के माध्यम से होते हैं.

निवारक उपायों में पोल्ट्री फार्मों में जैव सुरक्षा अभ्यास, टीकाकरण कार्यक्रम और प्रकोप को रोकने के लिए पक्षी आबादी की निगरानी और नियंत्रण शामिल हैं. ल5ठ2 के प्रसार को प्रबंधित करने और एवियन और मानव स्वास्थ्य दोनों पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए निरंतर निगरानी और अनुसंधान आवश्यक है। WHO बताता का कहना है कि एनिमल इन्फ्लूएंजा वायरस आम तौर पर जानवरों में फैलता है, लेकिन इंसानों को भी संक्रमित कर सकता है.

इंसानों में संक्रमण मुख्य रूप से संक्रमित जानवरों या दूषित वातावरण के सीधे संपर्क के माध्यम से प्राप्त हुआ है. मूल होस्ट के आधार पर, इन्फ्लूएंजा ए वायरस को एवियन इन्फ्लूएंजा, स्वाइन इन्फ्लूएंजा या अन्य प्रकार के एनिमल इन्फ्लूएंजा वायरस के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। मनुष्यों में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस संक्रमण हल्के से लेकर गंभीर ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण का कारण बन सकता है और घातक हो सकता है. कंजंक्टिवाइटिस, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण, एन्सेफलाइटिस और एन्सेफैलोपैथी की भी रिपोर्ट की गई है। मनुष्य मुख्य रूप से संक्रमित पक्षियों, उनके मल या दूषित वातावरण के सीधे संपर्क के माध्यम से बर्ड फ्लू से संक्रमित हो सकते हैं. यह आमतौर पर उन लोगों में होता है जो पोल्ट्री के साथ काम करते हैं या संक्रमित पक्षियों के पास रहते हैं. मनुष्यों में लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश और कभी-कभी गंभीर श्वसन संबंधी समस्याएं शामिल हैं.

# गाजा में स्कूल पर इजरायली सेना का हवाई हमला, 30 की मौत


**गाजा :** इजरायली सेना ने मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात शिविर को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। इस हमले में कम से कम 30 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं. यह स्कूल विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर में बदल दिया गया था. चिकित्सा विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, एक इजरायली लड़ाकू जेट ने स्कूल के कम से कम तीन क्लासरूम पर बमबारी की। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने स्कूल पर इजरायल के हमले की निंदा की और इसे 'भयानक नरसंहार' बताया है. कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना हमलों को जारी रखे हुए है, जो नागरिकों के खिलाफ किए गए नरसंहार के अपराध का सबूत है. हमास ने कहा कि इजरायल और अमेरिका को मानवता को खतरे में डालने वाले और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाले इन अपराधों की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए.




फिलहाल, इजरायली पक्ष ने अभी तक इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है.

इससे पहले खबर आई थी कि 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा गाजा पट्टी में ले जाए गए चार अन्य इजरायली बंधकों की मौत हो गई. साथ ही दावा किया है कि गाजा पर शासन करने वाले समूह के पास अभी भी उनके शव मौजूद हैं. कऊत्र प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायली सेना का अनुमान है कि ये चारों कई महीने पहले खान यूनिस क्षेत्र में एक साथ मारे गए, जब इजरायली सेना वहां अभियान चला रही थी. ये सारी जानकारी इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दिया था.

# पुतिन ने जर्मनी को दी चेतावनी, कहा- ...तो करेंगे परमाणु हथियार का इस्तेमाल



**सेंट पीटर्सबर्ग :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को चेतावनी दी कि रूस पश्चिमी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए दूसरों को लंबी दूरी के हथियार दे सकता है, क्योंकि नाटो सहयोगी यूक्रेन को रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए अपने हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे रहे हैं. पुतिन ने यह भी कहा कि अगर मास्को को अपनी संप्रभुता के लिए खतरा दिखाई देता है तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है.

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को स्पष्ट रूप से जर्मनी को चेतावनी दी कि यूक्रेन की ओर से रूस में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए अपने हथियारों का इस्तेमाल करना एक खतरनाक कदम होगा. यह बर्लिन और मॉस्को के बीच संबंधों को बर्बाद कर देगा.

जर्मनी ने हाल ही में अमेरिका के साथ मिलकर यूक्रेन को रूसी धरती पर कुछ लक्ष्यों पर हमला करने के लिए अधिकृत किया है, जिसके लिए वे लंबी दूरी के हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं. पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को जर्मन टैंकों की आपूर्ति रूस में कई लोगों के लिए एक झटका थी. उन्होंने कहा कि अब अगर वे रूसी क्षेत्र में सुविधाओं पर हमला करने के लिए मिसाइलों का उपयोग करते हैं तो यह रूसी-जर्मन संबंधों को पूरी तरह से बर्बाद कर देगा. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पश्चिम की हालिया कार्रवाइयां अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को और कमजोर करेंगी और 'बहुत गंभीर समस्याएं' पैदा कर सकती हैं. पुतिन ने कहा कि यह रूसी संघ के खिलाफ युद्ध में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी को दिखाता है. हम उसी तरह से कार्य करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

अमेरिका और जर्मनी ने हाल ही में यूक्रेन को कीव को आपूर्ति किए जा रहे लंबी दूरी के हथियारों से रूसी धरती पर कुछ लक्ष्यों पर हमला करने के लिए अधिकृत किया है. बुधवार को, एक पश्चिमी अधिकारी और एक अमेरिकी सीनेटर ने कहा कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के नए स्वीकृत मार्गदर्शन के तहत रूस के अंदर हमला करने के लिए अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल किया है. नया मार्गदर्शन यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव की रक्षा के सीमित उद्देश्य के लिए अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति देता है. अधिकारी को इस संवेदनशील मामले पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं किया गया था.

उन्होंने नाम न बताने की शर्त पर बात की. पुतिन ने दावा किया कि कुछ पश्चिमी आपूर्ति किए गए हथियारों का उपयोग करने में उन देशों के सैन्य कर्मियों की ओर से मिसाइलों को नियंत्रित करना और लक्ष्य चुनना शामिल है. इसलिए उन्होंने कहा कि मास्को दुनिया में कहीं और 'विषम' कदम उठा सकता है. अमेरिकी सेना ने कहा कि वह यूक्रेन को प्रदान की जाने वाली मिसाइलों या लक्ष्यों को नियंत्रित नहीं करती है।

# पीएम मोदी ने मेक्सिको के राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर क्लाउडिया शिनबाम को बधाई दी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मेक्सिको की निर्वाचित राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम को बधाई दी. शिनबाम देश के 200 साल के इतिहास में पहली महिला राष्ट्रपति हैं. पीएम मोदी ने उनके चुनाव को मेक्सिको के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया.

एक्स पर एक पोस्ट में, मोदी ने यह भी कहा कि वह दोनों देशों के बीच निरंतर द्विपक्षीय सहयोग की उम्मीद करते हैं. मेक्सिको की पहली महिला निर्वाचित राष्ट्रपति @क्लौडियाशीन को बधाई! यह मेक्सिको के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है. पीएम मोदी ने राष्ट्रपति लोपेजोब्राडोर के शानदार नेतृत्व को सराहते हुए उनके अबतक के कार्यकाल की तारीफ की. पीएम मोदी ने दोनो देशों के बीच निरंतर सहयोग और साझा प्रगति की आशा व्यक्त की.



बता दें, मेक्सिको सिटी की पूर्व मेयर 61 वर्षीय शिनबाम ने रविवार के चुनाव में 58 फीसदी से 60 फीसदी के बीच वोट हासिल किए - जो उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी, व्यवसायी जोचिटल गैल्वेज से लगभग 30 प्रतिशत अंक आगे हैं. शीनबाम 1 अक्टूबर को अपने गुरु, निवर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की जगह पदभार ग्रहण करने वाली हैं.

उनका चुनाव न केवल एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत जीत है, बल्कि मेक्सिको में लैंगिक समानता के लिए एक मील का पत्थर भी है, जो पहली बार किसी महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बिठाने का प्रतीक है. शीनबाम मेक्सिको की पहली महिला या यहूदी राष्ट्रपति भी होंगी. शीनबाम के नाना-नानी होलोकॉस्ट से पहले बुल्गारिया से मेक्सिको में आकर बस गए थे, जबकि उनके दादा-दादी 1920 के दशक में नरसंहार के कारण लिथुआनिया से भाग गए थे. वहीं, शीनबाम के माता-पिता मेक्सिको में पैदा हुए थे.

राजनीति में प्रवेश करने से पहले, शीनबाम एक भौतिक विज्ञानी और जलवायु वैज्ञानिक थीं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उनके पिता एक रासायनिक इंजीनियर थे, और उनकी मां एक कोशिका जीवविज्ञानी थीं. शीनबाम वामपंथी पार्टी, मोरेना से जुड़ी हैं, वही पार्टी जिससे निवर्तमान राष्ट्रपति लोपेज ओब्रेडोर संबंधित हैं. पार्टी को स्वयं एक नवउदारवाद विरोधी, लोकलुभावन पार्टी बताया जाता है.

# नेपाल : प्रधानमंत्री के दिल्ली भ्रमण से ठीक पहले भारत सहित 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाया

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने अपने दिल्ली भ्रमण से पहले भारत में रहे नेपाली राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है। सरकार ने आज दिल्ली में रहे अपने राजदूत सहित 11 देशों के राजदूत को वापस बुलाया है। आज शाम हुई कैबिनेट की बैठक में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, साउदी अरब, दक्षिण कोरिया, इजरायल, जैसे 11 महत्वपूर्ण देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया गया है। विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने बताया कि सरकार ने 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया है। माना जा रहा है कि प्रचण्ड की पिछली गठबन्धन के समय जिन देशों में नेपाली कांग्रेस के कोटे से राजदूतों की नियुक्ति की गई थी, उन सबको आज वापस बुला लिया गया है। विदेश मंत्री श्रेष्ठ ने बताया कि यह प्रस्ताव बहुत पुराना है और इसका प्रधानमंत्री प्रचण्ड के भ्रमण से कोई लेना देना नहीं है लेकिन सवाल यह उठाया जा रहा है कि जब दो दिन बाद ही प्रधानमंत्री को दिल्ली भ्रमण पर जाना है तो यह काम दो दिन बाद भी किया जा सकता था। विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस इस पर सवाल खड़ा कर रही है कि आखिर प्रधानमंत्री की 9-10 जून की दिल्ली यात्रा क्या बिना राजदूत के ही होने वाली है?

# नेपाल के मधेश प्रदेश में नई सरकार जल्द

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता गठबन्धन के बदलने के दो महीने बाद सात में से छह प्रदेश की सरकार बदलने के बाद अन्ततः मधेश प्रदेश की सरकार भी बदलने वाली है। मुख्यमंत्री सरोज यादव ने सदन में विश्वास मत खो दिया है। सदन में पांचवीं बार विश्वास का मत लेने वाले सरोज यादव के पक्ष में 107 विधायकों में से सिर्फ 50 विधायकों ने ही पक्ष में मतदान किया। सत्तारूढ़ जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के 20, नेपाली कांग्रेस के 22 और लोकतान्त्रिक समाजवादी पार्टी के आठ विधायकों ने पक्ष में मतदान किया। माओवादी, एमाले, जनमत के 53 विधायकों ने विश्वास मत के विरोध में मतदान किया। इसके बाद राज्यपाल ने नई सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को आह्वान किया है। माना जा रहा है कि जनमत पार्टी के नेतृत्व में एमाले और माओवादी के समर्थन से सरकार बनाने का दावा आज पेश किया जाएगा।

# नेपाल के प्रधानमंत्री शनिवार को पहुंचेंगे नई दिल्ली, शामिल होंगे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड शनिवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वो नई दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने बुधवार को नरेन्द्र मोदी को फोन कर चुनाव में जीत की बधाई दी थी। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। प्रचंड के सचिवालय के मुताबिक प्रधानमंत्री शनिवार सुबह काठमांडू से दिल्ली रवाना होंगे।

# अमेरिका : जॉर्जिया कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुनाव में हस्तक्षेप मामले को स्थगित किया

**वाशिंगटन:** जॉर्जिया की एक अपील कोर्ट ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर ट्रंप के चुनाव में हस्तक्षेप के मामले में सुनवाई पर कम से कम अक्टूबर तक के लिए रोक लगा दी. ट्रंप पर आरोप लगाया गया था कि डोनाल्ड ट्रंप और अन्य ने 2020 के चुनाव के नतीजों को अवैध रूप से पलटने की साजिश रची थी. अब जॉर्जिया की कोर्ट के फैसले के बाद नवंबर के चुनावों से पहले इस मामले की सुनवाई असंभव हो गई.

इस मामले की सुनवाई 5 नवंबर से पहले होने की संभावना बहुत कम थी, क्योंकि इस साल की शुरूआत में जॉर्जिया कोर्ट ऑफ अपील्स ने इस बात पर अपील सुनने पर सहमति जताई थी कि क्या फुल्टन काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फैनी विलिस और उनके कार्यालय को इस मामले में बने रहने की अनुमति दी जानी चाहिए.

यह फैसला उस दिन आया जब ट्रंप के खिलाफ वर्गीकृत दस्तावेजों के मामले की अध्यक्षता कर रहे जज ने मामले में शेड्यूल में फिर से बदलाव किया. इससे इस बात की संभावना और कम हो गई कि चुनाव से पहले भी इस मामले की सुनवाई हो सकती है.



मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एल्विन ब्रैग की ओर से लाए गए एक मामले में पिछले सप्ताह ट्रंप को व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 मामलों में दोषी ठहराया गया था. 11 जुलाई को उन्हें सजा सुनाई जानी है. ऐसा प्रतीत होता है कि उनके खिलाफ चार आपराधिक मामलों में से यह एकमात्र ऐसा मामला है, जिसकी सुनवाई इस साल के अंत तक हो जाएगी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने चौथे मामले में ट्रंप की अपील पर विचार करने का निर्णय लिया है, जो वाशिंगटन, डी.सी. में विशेष वकील जैक स्मिथ की ओर से उनके खिलाफ लाया गया संघीय हस्तक्षेप का मामला है.

जॉर्जिया में, अपील अदालत ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा कि वह ट्रंप और उनके कुछ सह-प्रतिवादियों की अपील पर अक्टूबर तक दलीलें नहीं सुनेगी. बुधवार को अपने फैसले में, अदालत ने कहा कि निचली अदालत की कार्यवाही इन अपीलों के परिणाम आने तक स्थगित की जाती है. यह समय सारिणी नवंबर से पहले मामले की सुनवाई के लिए पर्याप्त समय नहीं छोड़ेगी. मामले की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश स्कॉट मैकफी को अभी भी कई कानूनी मुद्दों को सुलझाना है. मैकफी ने मामले के लिए सुनवाई की तारीख तय नहीं की है.

ट्रंप के सह-प्रतिवादी माइकल रोमन की ओर से मूल रूप से दायर किए गए प्रस्ताव में, और बाद में ट्रंप और अन्य लोगों की ओर से अपनाए गए प्रस्ताव में, विलिस पर वेड के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों से वित्तीय लाभ उठाने का आरोप लगाया गया था. विलिस और वेड ने किसी भी गलत काम से इनकार किया. उन्होंने स्वीकार किया कि वे एक रिश्ते में थे, लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनकी नियुक्ति के बाद शुरू हुआ और विलिस को वित्तीय लाभ नहीं हुआ.

# ब्रिटेन के चुनाव में आप्रवासन क्यों है इतना गर्म मुद्दा?

ब्रिटेन में अगले महीने आम चुनाव होने हैं. आने वाले दिनों में ब्रिटेन की आप्रवासन नीति क्या होगी या क्या होनी चाहिए, यह आगामी चुनाव के सबसे बड़े मुद्दों में से एक है.

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक वादा कर रहे हैं कि अगर उनकी कंजरवेटिव पार्टी चुनाव जीतती है, तो वह आप्रवासन में कमी लाएंगे. चुनावी सर्वेक्षणों में विपक्षी लेबर पार्टी 20 पॉइंट से ज्यादा की बढ़त में दिख रही है. चुनावों में पिछड़ते सुनक को उम्मीद है कि आप्रवासन नीति पर सख्त रुख अपनाने से उन्हें लेबर पार्टी के मुकाबले फायदा हो सकता है।

**क्यों बड़ा मुद्दा है आप्रवासन?**

ब्रिटेन में लंबे समय से आप्रवासन नीति बड़ा राजनीतिक मुद्दा रही है. कई मतदाता चिंता जताते हैं कि आप्रवासियों के बड़ी संख्या में आने से घरों की कमी हो जाती है।

# अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार सुलिवन की भारत यात्रा, अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**वाशिंगटन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए सरकार बनाने की तैयारी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उनकी चुनावी जीत पर बधाई. बाइडेन ने फोन कर पीएम मोदी को बधाई दी और अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की नई दिल्ली की आगामी यात्रा पर चर्चा की. बाइडेन ने पीएम मोदी को और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारत के आम चुनावों में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया कि बाइडेन ने मानव इतिहास में सबसे बड़े लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत के लोगों की प्रशसा की. इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया लगभग 650 मिलियन लोग मतदान करते हैं. जानकारी के अनुसार बाइडेन और पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा की. खासकर अमेरिका-भारत के आपसी संबंधों को और प्रगाढ़ करने के मुद्दों पर चर्चा की. साथ ही विश्वस्तर पर आगामी रणनीति और आपसी समझ को और अधिक गहरा करने पर अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया. इससे भी महत्वपूर्ण समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।